वर्ष-10 अंक-265 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, शनिवार 04 जनवरी 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From Google Play

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10

## संक्षिप्त समाचार

### फरिश्ते योजना फिर से शुरू करने की मांग वाली याचिका बंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ



वकील शादान फरासत की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। फरासत ने कहा कि मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद से पैसा आना शुरू हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे के पीड़ितों के कैशलेस इलाज के लिए फरिश्ते योजना फिर से शुरू करने की मांग वाली याचिका को बंद कर दिया। दरअसल, शीर्ष कोर्ट को बताया गया कि भुगतान न किए जाने का मुद्दा सुलझ गया है।यह विवाद फरिश्ते योजना को फिर से शुरू करने के लिए लंबित अस्पताल बिलों को जारी करने और निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान करने से जुड़ा था। शीर्ष अदालत ने मौखिक तौर पर टिप्पणी की कि एलजी और दिल्ली सरकार के बीच विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाना चाहिए।जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील शादान फरासत की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। फरासत ने कहा कि मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद से पैसा आना शुरू हो गया है और इसलिए याचिकाकर्ता दिल्ली सरकार याचिका पर जोर नहीं देना चाहती। जस्टिस गवई ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, दिल्ली सरकार और एलजी के बीच विवाद हमेशा के लिए सुलझ जाना चाहिए। दूसरी ओर जस्टिस विश्वनाथन ने संबंधित मामले (जिसमें यह मुद्दा शामिल था कि दिल्ली में सेवाओं पर किसका नियंत्रण होगा) में एक पक्ष की ओर से पेश होने के कारण मामले की सुनवाई करने में असमर्थता जताई।

## तेलंगाना में महिला छात्रावास के बाथरूम में कैमरा मिलने पर बवाल; भाजपा हमलावर, सख्त कार्रवाई की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** मेडचल मलकजगिरी के सीएमआर इंजीनियरिंग कॉलेज के महिला छात्रावास की छात्राओं ने आरोप लगाया था कि छात्रावास



स्टाफ ने बाथरूम में उनका वीडियो रिकॉर्ड किया है। बाथरूम में कैमरे लगाकर उनके सैकड़ों वीडियो रिकॉर्ड किए गए। छात्राओं ने हॉस्टल स्टाफ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मेडचल मलकजगिरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को मेडचल मलकजगिरी के सीएमआर इंजीनियरिंग कॉलेज के महिला छात्रावास की छात्राओं ने आरोप लगाया था कि छात्रावास स्टाफ ने बाथरूम में उनका वीडियो रिकॉर्ड किया है। बाथरूम में कैमरे लगाकर उनके सैकड़ों वीडियो रिकॉर्ड किए गए। छात्राओं ने हॉस्टल स्टाफ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मेडचल मलकजगिरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसे लेकर तेलंगाना भाजपा प्रवक्ता रचना रेड्डी ने कहा कि यह सच है कि सीएमआर महिला कॉलेज के छात्रावास में कई छिपे हुए कैमरे हैं। कॉलेज की लड़कियों की लगभग 300 या उससे अधिक वीडियो रिकॉर्डिंग कर्मचारियों के पास हैं। यह महिलाओं की गरिमा से दुर्व्यवहार और हमले का बेहद भयानक और गंभीर मामला है। हालांकि यह राहत है कि तेलंगाना महिला आयोग ने पहले ही इस पर संज्ञान लिया है और सभी रिकॉर्डिंग सहित विस्तृत जांच के लिए कहा है। एक एफआईआर भी दर्ज की गई है और जांच शुरू हो गई है।उन्होंने कहा कि जहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, जहां पढ़ने और खुद को शिक्षित करने वाली युवा लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें अपनी निजता में इस तरह के अत्यधिक हस्तक्षेप का सामना करना पड़ता है, उससे हल्के में नहीं निपटा जा सकता। जो भी कर्मचारी इस घटना के लिए जिम्मेदार है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संपत्ति के हस्तांतरण-बेदखली का आदेश दे सकते हैं न्यायाधिकरण, शीर्ष कोर्ट का आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिक संरक्षण कानून मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है। पीठ ने कहा है कि माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों



के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत गठित न्यायाधिकरण संपत्ति के हस्तांतरण व बेदखली का आदेश दे सकते हैं। वरिष्ठ नागरिक संरक्षण कानून मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत गठित न्यायाधिकरण संपत्ति के हस्तांतरण व बेदखली का आदेश दे सकते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि 2007 का कानून वरिष्ठ नागरिकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को देखते हुए उनके अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लाभकारी कानून है। यह नहीं कहा जा सकता है कि अधिनियम के तहत गठित न्यायाधिकरण धारा-23 के तहत अधिकार का प्रयोग करते हुए कब्जे को हस्तांतरित करने का आदेश नहीं दे सकते। पीठ ने कहा कि इससे हटकर निर्णय लेने से कानून का मकसद विफल हो जाएगा।पीठ ने कहा है कि हमारे विचार से धारा 23 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध राहत अधिनियम के उद्देश्यों तथा कारणों से आंतरिक रूप से जुड़ी हुई है कि कुछ मामलों में हमारे देश के बुजुर्ग नागरिकों की देखभाल नहीं की जा रही है। यह अधिनियम के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में प्रत्यक्ष रूप से सहायक है और बुजुर्गों को संपत्ति हस्तांतरित करते समय अपने अधिकारों को तुरंत सुरक्षित करने का अधिकार देता है, बशर्ते हस्तांतरितकर्ता द्वारा रखरखाव किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 2022 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें न्यायाधिकरण के फैसले को बरकरार रखने वाले एकल पीठ के आदेश को खारिज किया गया था। न्यायाधिकरण ने अपीलकर्ता उर्मिला दीक्षित की ओर से बेटे सुनील शरण और अन्य के पक्ष में 1968 में अर्जित संपत्ति के संबंध में किए गए उपहार विलेख को 2019 में रद्द कर दिया था। उर्मिला ने दावा किया था कि जीवन के अंत तक उनकी देखभाल करने का वचन नहीं निभाया। शीर्ष कोर्ट ने 28 फरवरी, 2025 तक अपीलकर्ता को संपत्ति वापस करने का आदेश दिया।

## यह बोट क्लब या आजाद मैदान नहीं, कानून की अदालत', वकील के रवैये पर शीर्ष कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वकील नेदुम्परा ने तर्क दिया कि बार न्यायाधीशों से डरता है। इस पर न्यायमूर्ति बी आर गवई ने कहा कि अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा, यह कानून की अदालत है। भाषण



देने के लिए बॉम्बे (मुंबई) का कोई बोट क्लब या आजाद मैदान नहीं है। जब आप कानून की अदालत को संबोधित करते हैं, तो कानूनी तर्क दें। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक वकील के रवैये पर तल्ख टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने वकील अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा से कहा कि भाषण देने के लिए बॉम्बे (मुंबई) का कोई बोट क्लब या आजाद मैदान नहीं है। यह कानून की अदालत है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को वकीलों को वरिष्ठ पद दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका में वकीलों की ओर से जज पर लगाए गए 'अपमानजनक और निराधार आरोपों' पर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा से पूछा, 'आप कितने न्यायाधीशों के नाम बता सकते हैं, जिनके बच्चों को वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया है?' इस पर नेदुम्परा ने अदालत से आंकड़े पेश करने की पेशकश की और तर्क दिया कि बार न्यायाधीशों से डरता है।इस पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा, यह कानून की अदालत है। भाषण देने के लिए बॉम्बे (मुंबई) का कोई बोट क्लब या आजाद मैदान नहीं है। जब आप कानून की अदालत को संबोधित करते हैं, तो कानूनी तर्क दें। केवल गैलरी के उद्देश्य के लिए तर्क न दें। अदालत ने कहा कि वह उन्हें याचिका में संशोधन करने की स्वतंत्रता देने को तैयार है। पीठ ने कहा, 'यदि आप याचिका में संशोधन नहीं करते हैं, तो हम आवश्यक समझे जाने वाले कदम उठा सकते हैं। याचिका में लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि इसमें न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। पीठ ने कहा, 'हमें लगता है कि संस्थान के खिलाफ कई तरह के अपशब्द और निराधार आरोप लगाए गए हैं।' पीठ ने याचिका में लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए कहा, 'उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को ढूंढना मुश्किल है, अगर असंभव नहीं है, तो ऐसा कोई न्यायाधीश ढूंढना मुश्किल है, जिसकी संतान, भाई, बहन या भतीजा 40 वर्ष की आयु पार कर चुका हो और वह साधारण वकील हो।' पीठ ने कहा कि वह मामले को आगे बढ़ाएगी, लेकिन अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा याचिका के कथनों पर विचार करना चाहते हैं और भविष्य की कार्रवाई के बारे में अन्य याचिकाकर्ताओं से परामर्श करना चाहते हैं। 'क्या आप इन कथनों को हटाने जा रहे हैं या नहीं?' पीठ ने कहा, 'इस बात को स्पष्ट करें कि आप इन अपमानजनक कथनों को जारी रखेंगे या नहीं।

## पत्नी को मुफ्त सफर, पति से वसूलेंगे दोगुना किराया', बस किराये में बढ़ोतरी पर भाजपा का सरकार पर तंज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने बसों के किराये में 15 फीसदी बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। नया बस किराया पांच जनवरी से लागू होगा। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि बसों में पत्नी के लिए मुफ्त और पति के लिए इस मुद्दे को लेकर मैं शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करूंगा। शनिवार को भाजपा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं भाजपा विधायक धीरज मुनिराजू ने कांग्रेस सरकार पर लोगों को लूटने का आरोप लगाया। मुनिराजू ने कहा कि सरकार लोगों पर कोई उपकार नहीं कर



किराया दोगुना कर दिया गया है। शनिवार को भाजपा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। कर्नाटक में रोडवेज बसों में किराये में 15 फीसदी बढ़ोतरी को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि बसों में पत्नी के लिए मुफ्त और पति के लिए किराया दोगुना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कमीशन के लिए ऐसा किया है। सरकार की माली हालत खराब हो गई है। उनको परिवहन विभाग को चार हजार करोड़ रुपये से अधिक देने हैं, उनके पास पैसे नहीं हैं। इसलिए ऐसा किया गया है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि रही है। लोगों को दो हजार रुपये दिए जा रहे हैं, लेकिन शहरी लोगों से 20 हजार और ग्रामीणों से पांच से छह हजार रुपये वापस लिए जा रहे हैं। सरकार लोगों को लूट रही है। महिलाओं को बसों में मुफ्त में सफर कराया जा रहा है। जबकि पुरुषों से दोगुने से अधिक किराया वसूल किया जा रहा है। कर्नाटक सरकार ने बसों के किराये में 15 फीसदी बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। नया बस किराया पांच जनवरी से लागू होगा। कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि ईंधन की कीमतों और कर्मचारियों पर खर्च में बढ़ोतरी जैसे परिचालन लागत में भारी बढ़ोतरी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## बिहार में नेतृत्व को लेकर उलझी भाजपा-जदयू की गुत्थी, लालू के न्योते व नीतीश की मुस्कान ने बढ़ा दी हलचल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** बिहार की राजनीति में राजग में जारी उठापटक का मुख्य कारण इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका और नेतृत्व को लेकर है। जदयू चाहता है कि भाजपा पहले की भांति राज्य में न सिर्फ जदयू को बड़े भाई की भूमिका दे, बल्कि नेतृत्व के संबंध में भी स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट करे। बिहार में राजग में नेतृत्व को लेकर भाजपा-जदयू के बीच गुत्थी उलझ गई है। गठबंधन में उत्पन्न उलझन के बीच राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने नीतीश को महागठबंधन में वापस आने का न्योता दे दिया। लालू के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुस्कुराहट ने राज्य की सियासी तपिश बढ़ा दी है।हालांकि, लालू के नीतीश को दिए न्योते को उनके पुत्र तेजस्वी यादव ने सिरे से नकार दिया। इस सारे घटनाक्रम की वजह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वह टिप्पणी है, जिसमें उन्होंने कहा



था कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा राजग के घटक दल मिल बैठ कर तय करेंगे। दरअसल, राजग में जारी उठापटक का मुख्य कारण इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका और नेतृत्व को लेकर है। जदयू चाहता है कि भाजपा पहले की भांति राज्य में न सिर्फ जदयू को बड़े भाई की भूमिका दे, बल्कि नेतृत्व के संबंध में भी स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट करे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। नीतीश स्वाभाविक रूप से राज्य में गठबंधन का चेहरा हैं। इसे सभी को स्वीकार करना चाहिए।नीतीश को लालू के प्रस्ताव और बेटे तेजस्वी के सिरे से खारिज करने की भी अपनी वजह है। दरअसल, तेजस्वी चाहते हैं कि राजग की अंदरूनी लड़ाई में नीतीश अलग-थलग पड़ जाएं। अगर नीतीश कमजोर होकर महागठबंधन में नहीं आएंगे तो महागठबंधन का नेतृत्व फिर से उन्हीं के हाथ में होगा। यही कारण है कि उन्होंने अपने पिता के बयान के उलट कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। जदयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि हम लोग राजग में हैं और राजग में ही रहेंगे। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि लालू के सपने ही रहेंगे, पूरे नहीं होंगे। जदयू के नेताओं का मानना है कि अगर अभी से चेहरा तय नहीं किया गया तो भाजपा बिहार में भी महाराष्ट्र का फॉर्मूला अपना सकती है।

## आईआईटी बॉम्बे ने की मिट्टी में मौजूद प्रदूषकों को नष्ट करने वाले बैक्टीरिया की खोज, इसमें भी हैं सहायक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** जर्नल एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन'' में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने मिट्टी से कार्बनिक प्रदूषकों को हटाने के लिए विशेष जीवाणु प्रजातियों (स्यूडोमोनास और एसिनेटोबैक्टर) का उपयोग किया। भारतीय



प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के शोधकर्ताओं ने ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है। जो मिट्टी में मौजूद विषैले प्रदूषकों को खत्म करने के साथ ही उपयोगी पोषक तत्व को बढ़ाने में सहायक साबित होंगे।'जर्नल एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन'' में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने मिट्टी से कार्बनिक प्रदूषकों को हटाने के लिए विशेष जीवाणु प्रजातियों (स्यूडोमोनास और एसिनेटोबैक्टर) का उपयोग किया। ये बैक्टीरिया पौधों के विकास हार्मोन को बढ़ावा देने, हानिकारक कवक के विकास को रोकने और पौधों को आवश्यक पोषक तत्व आसानी से उपलब्ध कराने में भी मदद करते हैं। आईआईटी बॉम्बे के बायोसाइंसेज और बायोइंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रशांत फले के मार्गदर्शन में अपनी पीएचडी के लिए शोध करने वाले संदेश पापड़े ने कहा कि कीटनाशक के रूप में सुगंधित यौगिकों (बेंजीन जैसी वलय संरचना वाले कार्बनिक यौगिक) से मिट्टी के पोषत तत्व का क्षरण होता है, जो वर्तमान में कृषि उद्योग की प्रमुख समस्याओं में से एक है।उन्होंने कहा कि स्यूडोमोनास और एसिनेटोबैक्टर प्रजाति के बैक्टीरिया फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों को घुलनशील रूपों में परिवर्तित करते हैं, जो पौधों के लिए आसानी से उपलब्ध होते हैं। साथ ही, ये बैक्टीरिया इंडोल एसिटिक एसिड का उत्पादन करते हैं, जो पौधों की वृद्धि को बढ़ाता है।

## सीबीआई ने अपने ही डिप्टी एसपी के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, 55 लाख रुपये किये बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** एजेंसी ने डिप्टी एसपी बीएम मीणा के खिलाफ कई लोगों से अनुचित लाभ हासिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। ये सभी लोग उसकी



जांच के दायरे में थे। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी डिप्टी एसपी खातों और हवाला चैनलों के जरिये रिश्वत की रकम का लेनदेन करने के लिए विभिन्न बिचौलियों की सेवाएं ले रहा था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मुंबई में बैंक सुरक्षा एवं धोखाधड़ी ब्रांच में तैनात अपने ही एक डिप्टी एसपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर उन लोगों से अनुचित लाभ लेने का आरोप है जिनकी उसने जांच की थी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सीबीआई ने आरोपी के पास से 55 लाख रुपये नकद बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने डिप्टी एसपी बीएम मीणा के खिलाफ कई लोगों से अनुचित लाभ हासिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। ये सभी लोग उसकी जांच के दायरे में थे। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी डिप्टी एसपी खातों और हवाला चैनलों के जरिये रिश्वत की रकम का लेनदेन करने के लिए विभिन्न बिचौलियों की सेवाएं ले रहा था। सीबीआई ने हाल ही में जयपुर, कोलकाता, मुंबई और दिल्ली समेत 20 जगहों पर छापा मारा था। छापे के दौरान हवाला से भेजी गई 55 लाख रुपये की नकदी, 1.78 करोड़ रुपये के निवेश वाले संपत्ति के कागजात, 1.63 करोड़ रुपये के लेनदेन को दर्शाने वाली बुक एंट्री के अलावा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज मिले। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।अधिकारी ने बताया कि सीबीआई भ्रष्टाचार और अन्य कदाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाती है और गलती करने वाले अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करती है।

## दिल्ली को देंगे करोड़ों की योजनाओं की सौगात,डीयू में 600 करोड़ की तीन परियोजनाओं की रखेंगे नींव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी दिल्ली विवि में 600 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन परियोजनाओं की नींव भी रखेंगे। इनमें नजफगढ़ में वीर सावरकर कॉलेज व पूर्वी दिल्ली तथा द्वारका में एक-एक शैक्षणिक ब्लॉक का शिलान्यास शामिल है।दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। इनमें झुग्गी-झोपड़ी वासियों के लिए 1,675 फ्लैटों, नौरोजी नगर में विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी), सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास टाइप-2 क्वार्टर और द्वारका में 300 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सीबीएसई के एकीकृत कार्यालय परिसर का उद्घाटन शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार



को यह जानकारी दी। पीएम मोदी दिल्ली विवि में 600 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन परियोजनाओं की नींव भी रखेंगे। इनमें नजफगढ़ में वीर सावरकर कॉलेज व पूर्वी दिल्ली तथा द्वारका में एक-एक शैक्षणिक ब्लॉक का शिलान्यास शामिल है। पीएम ने कार्यक्रम से पहले अपने ऑफिशियल हैंडल पर पोस्ट भी साझा किया। पीएम मोदी अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को नवनिर्मित फ्लैट की चाबियां सौंपेंगे। यह प्रधानमंत्री की सभी के लिए आवास पहल का हिस्सा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से प्रत्येक फ्लैट के निर्माण पर खर्च किए गए 25 लाख रुपये में से पात्र लाभार्थियों को कुल राशि का सात फीसदी से भी कम भुगतान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज की आधारशिला रखेंगे, जिसमें शिक्षा के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इसके अलावा पीएम मोदी पूर्वी दिल्ली और द्वारका में एक-एक शैक्षणिक ब्लॉक का भी शिलान्यास करेंगे। दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले केंद्र की भाजपा सरकार राजधानी में विकास को बढ़ावा दे रही है। वहीं, पीएम मोदी शुक्रवार को दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं- नौरोजी नगर में विश्व व्यापार केंद्र (डब्ल्यूटीसी) और सरोजिनी नगर में जनरल पूल आवासीय आवास (जीपीआरए) टाइप-2 क्वार्टर, का भी उद्घाटन करेंगे।






## आगामी महाकुंभ मेला 2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न के संबंध में सभागार में महानिदेशक उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा श्री अविनाश चंद्र द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आगामी महाकुंभ मेला 2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पादन के लिए अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग के दायित्वों की पूर्ति हेतु आज दिनांक 03/01/2025 को मुख्यालय अग्निशमन तथा आपात सेवा महाकुंभ मेला प्रयागराज के सभागार में महानिदेशक उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा श्री अविनाश चंद्र महोदय द्वारा मेला में अग्नि से बचाव एवं सुरक्षा हेतु आग लगे ही न,के उद्देश्य से विद्युत एवं विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ विद्युत सुरक्षा के संबंध में गोष्ठी आयोजित की गई उक्त गोष्ठी में महानिदेशक उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा श्री अविनाश चंद्र, उपनिदेशक फायर सर्विस श्री अमन शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुख्यालय श्री अनिमेष सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुख्यालय महाकुंभ मेला श्री प्रमोद शर्मा,मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज श्री आर.के. पाण्डेय, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त एसडीएमए राज्य आपदा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित न्यूक्लियर एंड रेडियोलॉजिकल इमरजेंसी वर्कशाप में पुलिस लाइन महाकुंभ मेला परेड और भाभा एटॉमिक रिसर्च सेटर द्वारा कराई गई मॉक ड्रिल में भी सम्मिलित हुए जिसमें अग्नि शमन एवम आपात सेवा के पुप् टेक अग्नि शमन वाहन भी सम्मिलित हुए।


अविनाश चन्द्र महानिदेश्क अग्निशमन एवं आपात सेवा ने गोष्ठी को सम्बोधित किया- आधुनिक समाचार



## अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन श्री भानु भास्कर की अध्यक्षता में महाकुम्भ मेला क्षेत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ श्री राजेश द्विवेदी के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री भानु भास्कर की अध्यक्षता में महाकुम्भ मेला क्षेत्र स्थित घ्ण्ण्ण् सभागार में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज श्री तरुण गाबा, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज श्री प्रेम गौतम, पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज श्री राजीव मिश्र, प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज डॉ अजय पाल शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ श्री राजेश द्विवेदी के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान एडीजी जोन प्रयागराज द्वारा पुलिस व्यवस्थापन व मेला में आए पुलिसकर्मियों के रहने, खाने व अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को सभी पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण कराने व उसका आंकलन करने के निर्देश दिए । इस दौरान पुलिस आयुक्त प्रयागराज श्री तरुण गाबा द्वारा सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्र का भौगोलिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा कहा गया कि समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का भौतिक सत्यापन कर लें, प्रत्येक दिन मेला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाएं, हर तिराहें/चौराहें पर 24 घण्टे पुलिस बल मौजूद रहें एवं सभी स्नान घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की व्यवस्था अवश्य कराएं ।



## बिजली विभाग के द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान में 187 उपभोक्ताओं का कनेक्शन किया गया चेक



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज करेली विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर 2 में गुरुवार को विद्युत उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह कटारिया ने प्रबंध निदेशक वाराणसी के निर्देश पर अकबरपुर 2 पर फीडर पर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 187 उपभोक्ताओं की कनेक्शन चेक किए गए जिसमें 15 लोग बिजली चोरी करते पाए गए तथा 02 उपभोक्ता मीटर में सेंट लगाकर चलते पाएं गए दो उपभोक्ताओं के भार वृद्धि किए गए जिनको परीक्षण साल भेजा गया जिसकी जांच के उपरांत जिनके विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया तथा 25 लोगों का ओट्स रजिस्ट्रेशन कराया गया तथा 28 उपभोक्ता की लाइन बकायेदारों की लाइन काटी गई।

## 45 किलो रुद्राक्ष की मालाओं का मुकुट पहन 12 घंटे तपस्या कर रहे गीतानंद गिरि; 12 साल का है संकल्प

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** पंजाब के कोट का पुरा से गीतानंद गिरि श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा के नागा संन्यासी हैं। वह बताते हैं कि ढाई साल की उम्र में ही उन्होंने घर छोड़ दिया



था। उसके बाद से वह जप-तप कर रहे हैं। संन्यासी बनने के बाद उन्होंने संस्कृत विद्यालय से 10 वीं तक की पढ़ाई की। महाकुंभ से पहले संगम की रेती पर साधु-संतों की विहंगम रूप देखने को मिल रहा है। इसी तरह सवा लाख रुद्राक्ष वाले बाबा के नाम से मशहूर गीतानंद गिरि महाराज अपने सिर पर 45 किलो रुद्राक्ष की मालाओं का मुकुट धारण कर हर दिन 12 घंटे तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने सवा लाख रुद्राक्ष की माला धारण करने का संकल्प लिया था। बाबा ने दावा किया कि मौजूदा समय में उनके सिर पर सवा दो लाख रुद्राक्ष हो गया है।पंजाब के कोट का पुरा से गीतानंद गिरि श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा के नागा संन्यासी हैं। वह बताते हैं कि ढाई साल की उम्र में ही वह घर छोड़ दिए थे। उसके बाद से वह जप-तप कर रहे हैं। वह संन्यासी बनने के बाद संस्कृत विद्यालय से 10 वीं तक की पढ़ाई की। गीतानंद गिरि महाराज ने बताया कि अर्द्ध कुंभ 2019 में वह संगम त्रिवेणी को साक्षी मानकर 12 साल के लिए सिर पर सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने का संकल्प लिया था।उनकी तपस्या के छह साल बीत चुके हैं। उनकी सिर पर रुद्राक्ष की मालाएं देखकर अब लोग भी उन्हें रुद्राक्ष की ही मालाएं भेंट करने लगे है। बाबा का दावा है कि लोगों के चढ़ावे की वजह से वर्तमान समय उनके सिर पर करीब सवा दो लाख रुद्राक्ष की मालाएं हो गईं हैं, जिसका भार करीब 45 किलो हो गया है।

## आगामी महाकुंभ मेला 2025 में अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग के दायित्वों की पूति हेतु जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आगामी महाकुंभ मेला 2025 में अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग के दायित्वों की पूर्ति हेतु मेला प्रारंभ होने से पूर्व आज दिनांक 02/01/2025 को मुख्यालय अग्निशमन तथा आपात सेवा महाकुंभ मेला प्रयागराज के सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा श्रीमती पद्मजा चौहान महोदय द्वारा मेला में अग्नि से बचाव एवं सुरक्षा हेतु जन जागरूकता कार्यक्रमों को प्रारंभ करने हेतु पंपलेट, बैनर , इको फ्रेंडली आउटडोर होल्डिंग्स, 23 एनिमेटेड शॉर्ट वीडियो, जिंगल्स का अनावरण किया गया तथा अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग द्वारा मेला हेतु क्रय की गई अत्याधुनिक तकनीकी से सुसज्जित नवीनतम वाहनों का फ्लैग ऑफ किया गया त् तदुपरांत अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग द्वारा मेला में की जा रही अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया त् उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा श्रीमती पद्मजा चौहान, उपनिदेशक फायर सर्विस श्री अमन शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुख्यालय श्री अनिमेष सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुख्यालय महाकुंभ मेला श्री प्रमोद शर्मा ,मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कमिश्नरेट प्रयागराज डॉ0राजीव कुमार पाण्डेय एवं सिविल डिफेंस की उच्चाधिकारी प्रमुख- प्रमुख अखाड़े के साधु संत महात्मा, उनके प्रतिनिधि, प्रयागवाल एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




## महाकुंभ में महंगी संगम पर डुबकी, मनमानी बेहिसाब, स्नान पर्वों पर दस गुना अधिक बढ़े दाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। ऐसे में करोड़ों की संभावित भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र में जगह-जगह घाट बनाए गए हैं, जहां से संगम तक नावों का किराया भी निर्धारित किया गया है। मेला प्रशासन की ओर से भले ही नावों का बढ़ा हुआ किराया जारी कर दिया गया है, लेकिन संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों से कई गुना अधिक जेब ढीली करनी होगी। स्थिति यह है कि मेला प्रशासन की ओर से जारी की गई किराया सूची से 10 गुना अधिक दाम की डिमांड की जा रही है। महाकुंभ के दौरान करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। ऐसे में करोड़ों की संभावित भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र में जगह-जगह घाट बनाए गए हैं, जहां से संगम तक नावों का किराया भी निर्धारित किया गया है। हाल ही में मेला प्रशासन और नाविक संघ की बैठक के बाद इसमें 50 फीसदी की बढ़ोतरी भी की गई है। इस कारण पिछले वर्ष जहां 50 रुपये किराया था, वो इस बार बढ़कर 75 रुपये हो गया है। बढ़े हुए किराये की सूची भी मेला क्षेत्र में चस्पा की जा रही है। इसके बावजूद नावों के किराये में मनमानी वसूली की जा रही है।हाल यह है कि अरैल घाट से संगम के लिए स्नान के दिनों में पांच हजार से 10 हजार रुपये तक की मांग की जा रही है, जबकि 75 रुपये प्रति व्यक्ति किराया निर्धारित है, यानी पूरी नाव का किराया (10 व्यक्ति) करीब 750 रुपये हुए, जबकि स्नान पर्वों पर प्रति व्यक्ति न्यूनतम 500 रुपये वसूले जा रहे हैं। विदित हो कि प्रमुख स्नान पर्वों पर मेला प्रशासन की ओर से स्टीमर वाली नावों पर पाबंदी लगाई है। इस दौरान केवल चप्पू वाली नावों का ही संचालन किया जाना है।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है


श्री महन्त्
अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज


नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



भारत

## शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि 07 जनवरी से 14 जनवरी 2025 तक चलने वाले शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की गई है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर 06 जनवरी 2025 को सायं 05 बजे जिलाधिकारी महोदया व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीपदान किया जायेगा तथा 07 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारिकजनों को बुलाकर उन्हें सम्मानित भी किया जाए। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) ने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाओं को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें, जिससे कार्यक्रम का आयोजन गरिमामयी रूप से किया जा सके। स्मारक स्थल पर साफ सफाई के साथ प्रकाश की भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0 सतीश चन्द्र मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।



## जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला व लीगल ऐड क्लीनिक का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। दौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव व उपकारापाल अंकित गौतम एवं सुमैया परवीन उपस्थित रही।

## डीएम ने जर्मनी आधुनिक नेत्र जांच मशीन का किया लोकार्पण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय का उ0प्र0 युवा उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा उपलब्ध करायी गयी जर्मनी आधुनिक नेत्र जांच मशीन का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह मशीन मिलने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा अस्पताल में एक मशीन पहले से थी, दूसरी मशीन हो जाने से अधिक मरीज इसका लाभ उठा पायेंगे। मशीन का अपग्रेड मॉडल होने की वजह से चिकित्सकों को भी सर्जरी करने में आसानी होगी और मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, अधीक्षक मोहन सिंह नेत्र चिकित्सालय डॉ एस0के0 कटियार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, व्यापार मण्डल से अतुल गुप्ता, मोहित गुप्ता सहित व्यापार मण्डल के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहें।





## विपरीत दिशा में आ रही ट्रक ने ली तीन लोगों की जान, हादसा ऐसा कि सड़क पर बिखर गए शरीर के अवशेष; मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** यूपी के जौनपुर में दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर मौके पर लाइन बाजार थाने की पुलिस पहुंच गई। तीनों लाशों को कब्जे में लेने के साथ ही ट्रक चालक के साथ विधिक कार्रवाई की गई। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था।जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के आदमपुर अकबर रेलवे क्रासिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस तीनों के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। गुरुवार को केराकत थाना क्षेत्र के पसेवा गांव निवासी अरुण कुमार (31) गुरुवार को अपनी सगी बहन आरती (18) को बाइक से लेकर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर में अपने मौसा के घर पहुंचा। वहां खाना खाने के बाद अपनी मौसेरी बहन बबिता (10) पुत्री राजेंद्र को बाइक पर बैठाकर मल्हनी बाजार स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां दवा दिलाने के लिए निकला।बाइक चालक अरुण कुमार दोपहर के डेढ़ बजे जैसे ही लाइन बाजार थाना क्षेत्र के आदमपुर अकबर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को कुचल दिया। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत होगई। दुर्घटना की जानकारी होते ही मौके पर थाना प्रभारी लाइन बाजार सतीश सिंह, चौकी इंचार्ज चौकियां धाम निखिलेश तिवारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तीनों लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। दुर्घटना के बाद शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर जाम लगने के कारण लगभग 45 मिनट तक आवागमन बाधित रहा। इस दुर्घटना के संदर्भ में पूछे जाने वाले सीओ सिटी ट्रेनी आईपीएस आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दी जा रही है।





## दोहरे हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार, चाकू और कुल्हाड़ी से वार कर दो युवकों की ली थी जान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस मुठभेड़ में दोहरे हत्याकांड का एक आरोपी शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने सड़क जाम कर कार्रवाई की मांग की थी। बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के कोटवा नारायणपुर के सिकंदरपुर गांव में दो युवकों के हत्या में शामिल एक आरोपी शिवम राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की सुबह बघौना गांव के पास मुठभेड़ के बाद आरोपी पकड़ा गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी शिवम राय के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। कोटवा नारायणपुर के सिकंदरपुर गांव स्थित शराब भट्टी पर हुए विवाद में बदमाशों ने प्रशांत गुप्ता व गोलू वर्मा की चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी। परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एनएच-31 जाम कर दिया। दूसरे दिन आरोपी के घर बुलडोजर व मुआवजा की मांग को लेकर एनएच-31 जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस ने लाठी भांजकर भीड़ को तीतर बितर किया।उधर, घटना की जानकारी होने पर सांसद सनातन पांडेय, विधायक संग्राम सिंह यादव सहित अन्य नेताओं का जमावड़ा लग गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था।एसपी द्वारा गठित पुलिस टीम ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर बघौना गांव में आरोपी की गिरफ्तारी करने पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही आरोपी हमलावर हो गए। इस दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



## आईआईटी बीएचयू में सामूहिक दुष्कर्म केस में पहली वर्चुअल पेशी आज, छात्रा ने कोर्ट में रखी थी ये मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले की वर्चुअल सुनवाई आज होनी है। पीड़िता छात्रा की ओर से अदालत में अर्जी दी गई थी कि उसके मुकदमे की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जाए। सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता आईआईटी-बीएचयू की छात्रा के मुकदमे की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आज पहली बार होगी। सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता छात्रा की ओर से अदालत में अर्जी दी गई थी कि उसके मुकदमे की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जाए। अर्जी में छात्रा ने कहा था कि अदालत आने-जाने पर उसकी निजता भंग होती है और कचहरी परिसर में मौजूद लोग उसे पहचानने का प्रयास करते हैं। उसकी परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। अदालत आने-जाने के कारण परीक्षा की तैयारी का समय नहीं मिल पाएगा। उसके संस्थान में ऐसी सुविधा है कि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में आसानी से पेश हो सकती है। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर बचाव पक्ष की ओर से आपत्ति दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष का कहना था कि पीड़िता किसी सुदूर इलाके में नहीं रहती है, बल्कि नगर क्षेत्र में ही रहती है। पीड़िता पुलिस की सुरक्षा में कोर्ट आती-जाती है। वह सॉफ्टवेयर आईआईटी-बीएचयू में नहीं होगा, जो अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की अर्जी खारिज किए जाने योग्य है। एक नवंबर 2023 की रात 1:30 बजे आईआईटी-बीएचयू की बीटेक की छात्रा अपने हॉस्टल से टहलने निकली थी। वह परिसर में गांधी स्मृति छात्रावास चौराहे पर पहुंची तो वहां उसका दोस्त मिल गया। दोनों कर्मनवीर बाबा मंदिर के पास पहुंचे थे। उसी दौरान बुलेट सवार तीन युवक आए और छात्रा और उसके दोस्त को रोका। युवकों ने छात्रा का मुंह दबा दिया और एक कोने में लेकर चले गए। उसके दोस्त को तीनों ने भगा दिया। इसके बाद तीनों ने उससे दुष्कर्म कर वीडियो बनाया और उसका मोबाइल नंबर लिया। 31 दिसंबर 2023 को मामले में बृज एनक्लेव कॉलोनी का कुणाल पांडेय और जिवधीपुर बजरडीहा का आनंद उर्फ अभिषेक चौहान व सक्षम पटेल गिरफ्तार किया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत पाकर कुणाल पांडेय और आनंद चौहान उर्फ अभिषेक जेल से बाहर हैं।



## जौनपुर में किन्नर के ड्राइवर को बदमाशों ने मारी गोली, एक फायर से खोल दी खोपड़ी; वर्चस्व का मामला


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में किन्नर के ड्राइवर की गोली मारकर हत्या की सूचना मिलते ही लाइन बाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौजूद भीड़ से पूछताछ करने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रथम दृष्ट्या मामला वर्चस्व से जुड़ा हुआ लगा रहा। इसके साथ ही पुलिस अन्य बिन्दुओं पर पड़ताल कर रही है।जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के राजा साहब पोखरे के पास स्थित रामबाग कॉलोनी में गुरुवार की देर शाम बदमाशों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आजमगढ़ निवासी गोपाल विश्वकर्मा (35) किन्नरों के बीच रहकर गाड़ी चालक का काम करता था। साथ ही उनके रामबाग कॉलोनी स्थित आवास में रहता भी था। गुरुवार की शाम वह घर के बाहर अलाव ताप रहा था। इस दौरान कुछ अज्ञात बदमाश पहुंचे और उसके सिर में एक गोली मारकर फरार हो गए।गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हुए, तब तक बदमाश फरार हो गए। उसको उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा कि गोपाल सोनी किन्नर की ड्राइवर चलाता था। उसी की प्रॉपर्टी को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। एक बाइक से दो बदमाश आए थे, उनमें से एक ने गोपाल के पास जाकर उसके सिर में गोली मारी है।इस बाबत एडिशनल एसपी सिटी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला वर्चस्व को लेकर की गई हत्या का लग रहा है। मामले में पोस्टमार्टम और अन्य जांच के बाद साक्ष्यों के आधार पर पड़ताल की जाएगी।






# सोनभद्र, मिर्जापुर



## डीपीआरओ ने चार सचिवों से मांगा स्पष्टीकरण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** सामुदायिक शौचालय पर तैनात केयर टेकरों का लंबे समय से भुगतान नहीं करने पर डीपीआरओ संतोष कुमार ने बृहस्पतिवार को नाराजगी जताने के साथ ही चार सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांग लिया। नोटिस में एक सप्ताह के अंदर कारण सहित स्पष्टीकरण नहीं देने पर डीपीआरओ ने ग्राम विकास अधिकारी विजय पाल मिश्रा, त्रिलोकी नाथ और ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम चौधरी व पंकज वर्मा को कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीपीआरओ ने बृहस्पतिवार को नरायनपुर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों, सचिवों के साथ वर्चुअल संवाद किया। इस दौरान लापरवाही की शिकायत मिलने पर डीपीआरओ ने लापरवाही बरतने पर संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हुए हैं। उसके संचालन एवं रख-रखाव के लिए केयर टेकर के रूप में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की तैनाती की गई है। उन्हें प्रति माह मानदेय के रूप में छह हजार रुपये तथा सामग्री के लिए तीन हजार रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों और सचिवों को जिन ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय संचालित नहीं हैं वहां सामुदायिक शौचालय का संचालन अविलंब शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों के पास खुले विंध्य मार्ट को प्रतिदिन खोलने का भी निर्देश दिया।

## गली में फैला खून, बिखरे हुए मांस के लोथड़े देख कांप उठी लोगों की रूह, पढ़ें मामला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** जिले में सपा कार्यकर्ता हत्याकांड को लेकर हड़कंप मचा है। हमलावरों ने सपा कार्यकर्ता के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर मौत की नींद सुला दिया। इसे लेकर लोगों में तरह- तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं परिवार में घटना को लेकर कोहराम मचा है।उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में सपा कार्यकर्ता प्रियांशु ओझा की हत्या के बाद से ही परिवार में चीख- पुकार मची है। वहीं आसपास के घरों में भी सन्नाटा पसरा है। वहीं लोगों में हमलावरों की बर्बरता को लेकर आक्रोश है। घटना के बाद गली में फैला खून और दीवारों पर पड़े खून के छींटे देखने के बाद हर किसी का कलेजा कांप उठा। हमलावरों के सिर पर ऐसा खून सवार था कि प्रियांशु पर तब तर कुल्हाड़ी और लाठी- डंडे से वार करते रहे जब तक उसके चीथड़े नहीं उड़ गए। घटना के बाद शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो पूरी गली में खून और मांस के लोथड़े दिख रहे थे। यह दृश्य देख लोगों का कलेजा फटा जा रहा था। सपा कार्यकर्ता प्रियांशु ओझा (22) स्वामी दयानंद मार्ग स्थित एक आइसक्रीम फैक्टरी में काम करते थे। वे बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने घर हरना की गली जा रहे थे। गली में विरोधी निलेश कुमार कसेरा का मकान पहले पड़ता है। निलेश ने अपने घर के पास प्रियांशु को रोक लिया और शिव मंदिर से सटी गली में ले गया। वहां अपने साथियों के साथ हमला कर दिया। प्रियांशु के सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ कई वार किए। साथियों ने पैरों पर लाठी-डंडे मारे। शोर होने पर परिजन पहुंच गए। तब तक आरोपी भाग चुके थे। खून से लथपथ प्रियांशु को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, परिजनों ने जब सूचना दी, तब कटरा कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची। एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने जांच की। प्रियांशु के पिता सुरेश चंद्र ओझा की तहरीर पर पुलिस ने निलेश कुमार कसेरा निवासी हरना की गली, गुलशन कुमार निवासी पेहटा का चौराहा, सोनू उर्फ अनुराग सिंह निवासी तुलसी चौक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। मगर शाम को परिजनों के विरोध पर पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाई। प्रियांशु ओझा की हत्या के बाद पुलिस ने पिता की तहरीर लेकर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। नई धारा से अनभिज्ञ परिजन पोस्टमार्टम कराने में जुटे रहे। उनको बस मुकदमा दर्ज होने की ही जानकारी थी। शव जब पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा तो परिजनों को मुकदमे की कॉपी मिली। तब पता चला कि गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। उधर, युवक की नृशंस हत्या के बाद मुकदमा गैर इरादतन का दर्ज होने पर परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। परिजन विरोध करने लगे। पोस्टमार्टम हाउस पर खुफिया तंत्र के लोग भी थे। जो परिजनों के विरोध की जानकारी उच्चाधिकारियों को देते रहे। देर शाम घर पहुंचने पर परिजनों ने गली में भी प्रदर्शन किया। विरोध को देखते हुए बृहस्पतिवार को शाम हत्या की धारा बढ़ाई गई। एएसपी ऑपरेशन ने बताया कि पहले परिजनों ने जो तहरीर दी थी, उस आधार पर गैर इरादतन का मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के बाद हत्या की धारा बढ़ाई गई।



## महाकुंभ के लिए विंध्य क्षेत्र में खाली जगह पर बनेंगे शेड व शौचालय

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर पालिका के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विंध्य क्षेत्र में खाली पड़े स्थान पर शेड व शौचालय बनवाने के लिए कहा गया है जिससे जो भी दर्शनार्थी बाहर से आएं, उनको किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। प्रयागराज से सटा हुआ जिला और मां विंध्यवासिनी का धाम होने के कारण जिले में काफी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। उसी के अनुरूप तैयारियां की जा रही हैं। इसको देखते हुए प्रशासन की तरफ से नगर पालिका को मानिकी बाई ट्रस्ट के पास के खाली पड़े स्थान पर दोनों तरफ शेड व शौचालय की व्यवस्था के साथ ही रैंप भी बनवाने का निर्देश दिया है। ताकि भीड़ ज्यादा होने पर लोगों को इन स्थानों पर ठहराया जा सके। इसके साथ ही कई और स्थानों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने को कहा है। प्रशासन ने गंगा तट पर प्रकाश और वस्त्र बदलने के लिए शेड भी बनाने को कहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जी लाल ने बताया कि जिलाधिकारी ने जो निर्देश दिया है, उसके अनुसार जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।



## नगर में श्री राम दरबार की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** विश्व के कल्याण के लिए राबर्ट्सगंज नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के समापन पर गुरुवार को मानस पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर में भव्य श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय मां गायत्री जागरण ग्रुप के प्रसिद्ध भजन गायक सूरज गुप्ता और संगीतकार छोटू शुक्ला द्वारा श्रीराम के एक से बढ़कर एक भजनों को गाया गया। इस शोभायात्रा में 108 भूदेव हाथों में भगवा ध्वज लिए एवं श्री राम भक्त भजनों के धुन पर नाचते गाते जयसिया राम का गगनभेदी जयघोष लगाते हुए शामिल हुए इसके एक दिन पूर्व मानस पंडाल में बुधवार को रात्रिकालीन प्रवचन में अयोध्याधाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक नीरज भैया ने श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा पर प्रकाश डाला। कथावाचक ने भगवान श्रीराम का पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद आदि के साथ अयोध्या आगमन और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा मार्मिक ढंग से वर्णन किया। वही मानस मंच पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस नौ दिवसीय अयोजन में लगे सभी पदाधिकारियों समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया शोभायात्रा में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी, धर्मवीर तिवारी, मिठाई लाल सोनी, किशोर केडिया, महेश दुबे, दीपक कुमार केसरवानी, विमलेश पटेल, राजेश जयसवाल, मनु पांडे, हर्षवर्धन, शुभम शुक्ला, प्रशांत जैन, रविंद्र पाठक, चंदन चौबे, मनीष केडिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## एम ए के छात्र/छात्राओं को निःशुल्क हुआ टेबलेट वितरण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**, प्रियदर्शी अशोक पी जी कॉलेज, पन्नुगंज सोनभद्र में उत्तर प्रदेश सरकार में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतू स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एम ए के छात्र/छात्राओं को निःशुल्क टेबलेट का वितरण गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि आज के डिजिटल युग मे टेबलेट अध्ययन का एक सशक्त माध्यम है,आज के समय मे सारी जानकारी ईलाइब्रेरी के माध्यम से छात्र छात्राओं को उपलब्ध है जिसको टेबलेट के जरिये आसानी से अध्ययन किया जा सकता है। इसलिये टेबलेट का भरपूर प्रयोग अपनी पढ़ाई लिखाई के लिए करना होगा, युवा छात्र/छात्राओं को सरकार तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का काम कर रही है, आपको इसका पूरा पूरा लाभ उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने ने कहा हर कार्य के दो पहलू होते है इसलिए आपको इसका पूरी तरह से सदुपयोग कर अपने जीवन को सार्थक बनाना होगा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुमन्त सिंह मौर्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, कॉलेज परिवार के समस्त स्टॉप और सभी छात्र / छात्राओं का स्वागत, अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर अध्यापक नोडल शंकर केशरी, सुनील त्रिपाठी, अजय कुमार,अतुल प्रियदर्शी, अमृत लाल, अंजना मौर्य, सोनी मौर्य, रोशनी पाठक, रामआसरे, सज्जनकुमार, विकास कुमार, शिखा तिवारी, नीतू मौर्या, पृथ्वीराज सिंह, शशिप्रकाश, इत्यादि लोग मौजूद रहे।



## हिंडालको की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 32 रनों से मैच जीते

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** ,विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 के आज सातवें दिन क्रिकेट मैच का दूसरा मुकाबला हिंडालको और सोनभद्र 11, के पीछा करते हुए 14.3 ओवर में 89 रनों पर ही पूरी टीम पवेलियन लौट गई इस तरह से हिंडालको की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 32 रनों से मैच को जीत कर आगामी



बीच, डा0प्ज्ञ् सिंह और भाजपा जिला जिला मंत्री संतोष शुक्ला के द्वारा टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया हिंडालको की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन का स्कोर खड़ा किया हिंडालको की तरफ से अच्छी बल्लेबाजी करते हुए शक्ति ने 18 गेंदों पर 30 रनों की पारी खेल कर अपने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया ,साथ ही सोनभद्र 11 ,की तरफ से सुभाष जी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए ,जवाब में सोनभद्र 11, की टीम लक्ष्य का के मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली है हिंडालको की टीम के कप्तान ल सिंह जी 3 विकेट और शक्ति शिंह ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 18 गेंदों पे 30 रन और 3 ओवर में 16 रन देकर शानदार 3 विकेट चटकाकर अपनी टीम को जीत शानदार जीत दिलाई अतः हिंडालको की तरफ से शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले शक्ति शिंह को अध्यक्ष प्रधान संघ सुरेश शुक्ला के द्वारा के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया दिया गया साथ में विकाश मिश्रा,गौरव शुक्ला,पंकज मिश्रा,अत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

## 128 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-डीआईजी आर पी सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के निर्देशन में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में नव वर्ष के प्रथम दिन कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखते हुये शान्ति व्यवस्था कायम रखी गयी, इस दौरान परिक्षेत्र के तीनो जनपदों के मुख्य मन्दिरों, पिकनिक स्पाट, मॉल, बाजार आदि जगहों पर भीड़-भाड़ के दृष्टिगत पुलिस वल की ड्यूटी लगायी गयी तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया। 77 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट एवं 74 व्यक्तियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही- आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 430 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुये 42 अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 9.75 किग्रा गांजा अनुमानित कीमत 2 लाख 45 हजार व 30.20 ग्राम हेरोइन अनुमानित कीमत 6 लाख 40 हजार बरामद करते हुए कुल 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार- शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से 01 भरूआ बन्दूक, 01 एसबीएमएल (कन्ट्रीमेड), 01 तमंचा, व 02 जिन्दा कारतूस किया गया बरामद- 5 राशि गोवंशीय जानवरों मय टाटा सूमो गाड़ी को बरामद करते हुये 01 शातिर तस्कर को किया गया गिरफ्तार 13 गैंग का पंजीकरण किया गया एवं 05 अभियुक्तों के विरुद्ध माफिया और 23 अभियुक्तों की हिस्ट्री शीट खोली गयी इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र के निर्देशन में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में नव वर्ष के प्रथम दिन अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गयी। गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुल 20 अभियोग पंजीकृत हुये जिसमें 77 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी एवं 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गुण्डा एक्ट की कार्यवाही के क्रम में कुल 74 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी, आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 430 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुये 42 अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही एवं एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत कुल 9.75 किग्रा गांजा अनुमानित कीमत 2 लाख 45 हजार व 30.20 ग्राम हेरोइन अनुमानित कीमत 6 लाख 40 हजार बरामद करते हुए कुल 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से 01 भरूआ बन्दूक, 01 एसबीएमएल (कन्ट्रीमेड), 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया, गोवध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही के क्रम में 05 राशि गोवंशीय जानवरों मय टाटा सूमो गाड़ी को बरामद करते हुये 01 शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया, विभिन्न अपराधों में 13 गैंग का पंजीकरण किया गया एवं 05 अभियुक्तों के विरुद्ध माफिया की कार्यवाही करते हुए कुल 23 अभियुक्तों की हिस्ट्री शीट खोली गयी, तथा अन्य विभिन्न अपराधों में कुल 33 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर पर 128 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।आई.जी. मीरजापुर द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों में अपराध नियन्त्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही एवं पुलिस/प्रशासन/आबकारी की संयुक्त टीम से संवेदनशील, संदिग्ध व चिन्हित स्थानों एवं जनपदों की सीमा से लगने वाले अंतर्राज्जीय बार्डर बैरियरों पर दबिश देकर सतत् चेकिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वांछित/पुरस्कार घोषित/ईनामियां/गो-तस्करी के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीयों/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को अलग से निर्देश दिये गये है ।



## एक मुस्त समाधान योजना के तहत लगाया गया कैम्प

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** चुर्क सोनभद्र बिजली बिलों में होने वाली गड़बड़ी सहित अन्य उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान को लेकर बिजली विभाग के द्वारा एक मुश्त समाधान योजना चलाई जा रही है। योजना कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं के बिल की राशि अधिक बकाया है उन्हें किश्तों की भी सुविधा बिजली विभाग दें रहा है। उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत ब्याज में छूट जनवरी तक दी जाएगी और उसके बाद



के तहत बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी में रौप में प्रकाश गार्डन के बगल में स्थित सहज जनसेवा केंद्र पर कैंप लगाकर उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया जा रहा है सहायक अभियंता की मौजूदगी में चल रहे बिजली विभाग के कैंप में उपभोक्ताओं के बिल सुधार, ओटीएस के तहत किस्त निर्धारित करना, नाम संबोधन के अलावा उपभोक्ताओं के बिल में लगे ब्याज को सत्तर प्रतिशत तक छोड़ कर बकाया बिल जमा कराने का ब्याज में छूट कम हो सकती है आज कैम्प में लगभग 50 उपभोक्ताओं का बिजली बिल का समाधान किया गया वहीं दो लाख रुपए बिजली बिल वसूला गया बताया जाता है कि एक मुश्त समाधान योजना जनवरी लास्ट तक जारी रहेगी। बिजली विभाग के कैंप मे सहायक अभियंता कृपा शंकर यादव, रंजन शर्मा, सुजीत कुमार,परमेश्वर तिवारी, मंगल यादव, जयप्रकाश मौर्या सहित बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## गोंगपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती के लिए बनाई रणनीति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** गोड़वाना गणतंत्र पार्टी(गोंगपा) कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को दोपहर में चोपन ब्लाक अंतर्गत तेलगुड़वा स्थित पार्टी लिए सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं से अवगत होकर सौंपा जाएगा। इसके अलावा 14 जनवरी को गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के संस्थापक दादा हीरा सिंह मरकाम का जन्मदिवस मनाया जाएगा। इसी प्रकार से अन्य



कार्यालय पर हुई। जिसमें पार्टी की मजबूती के लिए विचार विमर्श कर सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक रणनीति बनाई गई। इसके अलावा 5 जनवरी को विजयगढ़ किले पर बैठक, 8 जनवरी को कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन और 14 जनवरी को अमरकंटक में पार्टी के संस्थापक दादा हीरा सिंह मरकाम का जन्मदिवस मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष राम नरेश पोया ने कहा कि पार्टी की मजबूती के उनकी हर समस्याओं का निदान कराया जएगा। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को विजयगढ़ किले पर पार्टी की आवश्यक बैठक होगी जिसमें आगामी 8,9,10 मार्च को आयोजित आदिवासी मेले एवं सामुहिक शादी को सफल बनाने के लिए बिचार विमर्श कर आवश्यक रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा आगामी 8 जनवरी को कलेक्ट्रेट में गृहमंत्री के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन वक्ताओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नरेश पोया और संचालन जिला संगठन सचिव हीरालाल मरपची ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पोया,जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार, आरके सिंह अर्मी, रामसूरत उड़ाके, श्रीराम टेकाम, रामचंद्र टेकाम, देवा सिंह उड़के,रामकुमार करियाम,अयोध्या प्रसाद टेकाम आदि शामिल रहे।

# स्पोर्ट्स





## रोहित ने साबित किया कि सिडनी में टॉस के दौरान बोले बुमराह, टीम में एकता को लेकर दिया यह बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत सीरीज में फिलहाल 1-2 से पीछे है। हालांकि, टीम इंडिया के पास सिडनी टेस्ट



जीतकर सीरीज को बराबर करने का मौका है। अगर भारत ऐसा करने में कामयाब रहता है तो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी रिटेन होगा। भारत के नियमित टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में पांचवें टेस्ट के लिए खुद को ड्रॉप करने का फैसला किया। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित के नहीं खेलने को लेकर अटकलें काफी पहले से लग रही थीं। यह अटकलें तब हकीकत में बदल गईं, जब हिटमैन की जगह बुमराह टॉस के लिए आए। टॉस के दौरान बुमराह ने रोहित की तारीफ की और कहा कि उन्होंने उदाहरण पेश किया है। टॉस पर बुमराह ने जवाब दिया। कमेंटेटर रवि शास्त्री ने बदलाव के कारण के बारे में नहीं पूछते हुए, ड्रेसिंग रूम का माहौल पूछा। बुमराह ने बताया कि ड्रेसिंग रूम में भावना सकारात्मक है। बुमराह ने टॉस के दौरान कहा, 'हां टीम के अंदर सभी की अच्छी बातचीत है। हम सकारात्मक भावना रखने की कोशिश कर रहे हैं और बेशक सकारात्मक चीजों को भी ध्यान में रखने की कोशिश कर रहे हैं। जाहिर है, हमारे कप्तान (रोहित शर्मा) ने भी अपनी नेतृत्व कौशल और क्षमता दिखाई है। उन्होंने इस मैच के लिए आराम करने का विकल्प चुना है।' उन्होंने कहा, 'इससे पता चलता है कि हमारी टीम में काफी एकता है। कोई स्वार्थ की भावना नहीं है। जो भी टीम के हित में होगा, हम वही करना चाहते हैं।' इससे पहले गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को दौरान और भारतीय खिलाड़ियों के फील्डिंग ड्रिल के दौरान भी इसकी अटकलें लगी थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित की जगह कोच गंभीर आए, जबकि फील्डिंग ड्रिल में स्लिप में रोहित के अलावा बाकी खिलाड़ी दिखे थे और गंभीर रोहित की जगह बुमराह के साथ रणनीति बनाते दिखे थे। गंभीर ने रोहित की उपलब्धता पर भी कुछ बयान नहीं दिया था। भारत सीरीज में फिलहाल 1-2 से पीछे है। हालांकि, टीम इंडिया के पास सिडनी टेस्ट जीतकर सीरीज को बराबर करने का मौका है।

## सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने प्लेइंग-11 में किया बदलाव, मिचेल मार्श हुए बाहर; स्टार्क फिट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मार्श इस सीरीज से बल्ले में दम दिखाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने चार टेस्ट मैचों प्रत्येक पारी में 10.42 के औसत से महज 73 रन बनाए। कमिंस ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उसके पास 2014 के बाद पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाने का मौका रहेगा। मार्श इस सीरीज से बल्ले में दम दिखाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने चार टेस्ट मैचों प्रत्येक पारी में 10.42 के औसत से महज 73 रन बनाए। कमिंस ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कमिंस ने कहा कि स्टार्क कभी भी अंतिम टेस्ट की योजना से बाहर नहीं थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज सीरीज के निर्णायक मुकाबले में अहम भूमिका निभाएगा। सीरीज में बढ़त लेने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने विजयी संयोजन को छेड़ने से परहेज



चयनकर्ताओं ने फॉर्म में नहीं चल रहे मार्श को बाहर रखने का फैसला किया जो गेंद से भी प्रभावित नहीं कर पा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से सिडनी में होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि करते हुए बताया है कि ऑलराउंडर मिचेल मार्श इस टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है जो टेस्ट में डेब्यू करेंगे। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है और में बताया कि चयनकर्ताओं ने फॉर्म में नहीं चल रहे मार्श को बाहर रखने का फैसला किया जो गेंद से भी प्रभावित नहीं कर पा रहे थे। मार्श की जगह टीम में शामिल किए गए वेबस्टर ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट खेलने वाले 469वें खिलाड़ी होंगे। कमिंस ने साथ ही बताया कि टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क फिट हैं और भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच में खेलेंगे। स्टार्क मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान पीठ की समस्या से जूझते दिखे थे, लेकिन वह साल के पहले टेस्ट में खेलने के लिए फिट करार दिए गए हैं जो उनके साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए भी राहत की बात है। नहीं किया और उन्होंने वेबस्टर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का मौका दिया। घरेलू सर्किट में बेवस्टर ने अपने खेल से काफी प्रभावित किया है। कमिंस ने कहा, मिचेल मार्श रन नहीं बना पा रहे थे और इस सीरीज में लगातार अपना विकेट गंवा रहे थे इसलिए हमने फैसला किया कि किसी नए खिलाड़ी को मौका दिया जाए और वेबस्टर सबसे उपयुक्त हैं। मार्श के लिए यह शर्मिंदगी की बात है क्योंकि उसने अतीत में टीम के लिए काफी योगदान दिया है, लेकिन हमें लगता है कि वेबस्टर को मौका देना सही है।

## पैट कमिंस ने बताया, पांचवें टेस्ट में किस तरह करेंगे बुमराह का सामना; भारतीय गेंदबाज को जमकर सराहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बुमराह का 2024 में टेस्ट में प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 13 मैचों में 14.92 के औसत से 71 विकेट झटके थे। बुमराह 2025 साल के पहले दिन टेस्ट रैंकिंग में सर्वोच्च रेटिंग अंक बार बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब है। अगर टीम सिडनी टेस्ट जीतने में सफल रही तो वह डब्ल्यूटीसी



हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे और उन्होंने पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर सराहना की है, लेकिन साथ ही बताया है कि उनकी टीम शुक्रवार से सिडनी में होने वाले पांचवें टेस्ट के दौरान किस तरह बुमराह का सामना करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम सिडनी टेस्ट जीतने या ड्रॉ कराने में सफल रही तो वह 2014 के बाद पहली फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी। पांचवें टेस्ट से पहले कमिंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह की जमकर सराहना की। बुमराह का 2024 में टेस्ट में प्रदर्शन शानदार रहा था और उन्होंने 13 मैचों में 14.92 के औसत से 71 विकेट झटके थे। बुमराह 2025 साल के पहले दिन टेस्ट रैंकिंग में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे और उन्होंने पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया था। कमिंस ने कहा, बुमराह फिलहाल काफी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं।

## सिडनी टेस्ट में नहीं खेलेंगे रोहित शर्मा अभ्यास सत्र में गंभीर-अगरकर से चर्चा करते दिखे बुमराह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुख्य कोच गौतम गंभीर से जब रोहित के प्लेइंग 11 में चुने जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। गंभीर ने कहा कि अभी प्लेइंग 11 तय नहीं की गई है और इसका फैसला कल पिच देखने के बाद ही लिया जाएगा। समझने वाली बात यह है कि किसी भी मैच के लिए प्लेइंग 11 में सबसे पहले कप्तान का चुनाव किया जाता है। लेकिन भारतीय टीम की स्थिति इससे उलट दिख रही है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का निर्णायक और अंतिम मुकाबला तीन जनवरी यानी शुक्रवार से सिडनी में खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का खेलना मुश्किल माना जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण उनकी खराब फॉर्म है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब तक खेले तीन मैचों में वह सिर्फ 31 रन बना पाए हैं और उनकी कप्तानी भी प्रभावशाली नहीं रही है। गुरुवार को सिडनी टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने पहुंचे मुख्य कोच गौतम गंभीर से जब रोहित के प्लेइंग 11 में चुने जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने



इसका जवाब नहीं दिया। गंभीर ने कहा कि अभी प्लेइंग 11 तय नहीं की गई है और इसका फैसला कल पिच देखने के बाद ही लिया जाएगा। समझने वाली बात यह है कि किसी भी मैच के लिए प्लेइंग 11 में सबसे पहले कप्तान का चुनाव किया जाता है। लेकिन भारतीय टीम की स्थिति इससे उलट दिख रही है। गंभीर का रोहित के सिडनी टेस्ट खेलने के सवाल पर चुप्पी साधना इस बात का संकेत देता है कि भारतीय कप्तान की जगह प्लेइंग 11 में सुनिश्चित नहीं है। भारतीय टीम सिडनी टेस्ट से पहले आयोजित अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंची। इस दौरान रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम में अकेले बैठे दिखे। वे ट्रेनिंग सेशन में टीम से अलग-थलग दिखे। उन्हें बुमराह से काफी देर तक बातचीत करते देखा गया। हिटमैन प्रेक्टिस सेशन में भी देर से पहुंचे फील्डिंग की ट्रेनिंग के दौरान रोहित शर्मा स्लिप पर मौजूद नहीं थे, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विराट कोहली पहले स्लिप पर थे, जबकि केएल राहुल सेकेंड और नीतीश कुमार तीसरे स्लिप पर मौजूद थे। वहीं, ऋषभ पंत विकेटकीपिंग का जिम्मा संभाले हुए थे और यशस्वी जायसवाल गली में खड़े थे। ट्रेनिंग सत्र के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर जसप्रीत बुमराह से बात करते दिखे। इसके बाद तेज गेंदबाज ने शुभमन गिल को नेट्स पर समय बिताने के लिए कहा। इस दौरान रोहित शर्मा भी नेट्स पर ही मौजूद रहे। गिल को अभ्यास करते देखना हर किसी के लिए चौंकाने वाला था। हिटमैन की जगह गिल को स्लिप में फील्डिंग की ट्रेनिंग करते देखा गया। आमतौर पर रोहित शर्मा को यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के साथ स्लिप पर फील्डिंग करते देखा जाता है। अगर भारत रोहित के बिना खेलने का फैसला करता है तो इससे शुभमन गिल तीसरे नंबर पर वापसी कर सकते हैं। ऐसे में एक बार फिर केएल राहुल यशस्वी के साथ पारी का आगाज करते दिखेंगे। अभ्यास के दौरान गिल कोच गंभीर के साथ चर्चा करते दिखे थे। यह इस बात के संकेत है कि गिल टीम में वापसी कर सकते हैं। मालूम हो कि मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में गिल को आराम दिया गया था और रोहित ने ओपनिंग में वापसी की थी। चौथे टेस्ट में बाहर बैठने के बाद गिल ने लगातार नेट्स पर बल्लेबाजी की थी और जमकर अभ्यास करते दिखे थे। अब देखना दिलचस्प होगा कि जैसे रोहित को ओपनिंग में भेजने के लिए गिल ने त्याग किया था, क्या अब रोहित भी उसी तरह का बलिदान देंग रोहित अगर इस टेस्ट से बाहर रहते हैं तो उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी संभालेंगे जिन्होंने पर्थ टेस्ट में भी टीम की अगुआई की थी।

## प्लेइंग ११ से बाहर होते ही रोहित शर्मा बना लेंगे 'अनचाहा रिकॉर्ड', इस मामले में बनेंगे पहले भारतीय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी इस सीरीज के दूसरे टेस्ट से वापसी करने वाले रोहित शर्मा ने अब तक तीन मैचों की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं। उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। वह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा हिटमैन कप्तानी में भी प्रभावित नहीं कर सके।बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का निर्णायक और अंतिम मुकाबला शुक्रवार से सिडनी में खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में रोहित शर्मा को जगह मिलेगी या नहीं इस पर कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्हें इस मैच में ड्रॉप कर दिया जाएगा। हालांकि, अब तक कोच और कप्तान की तरफ से इस विषय पर कोई बयान नहीं आया है।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी इस सीरीज के दूसरे टेस्ट से वापसी करने वाले रोहित शर्मा ने अब तक तीन मैचों की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं। उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। वह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा हिटमैन कप्तानी में भी प्रभावित नहीं कर सके। मेलबर्न टेस्ट में उन्होंने



शुभमन गिल को प्लेइंग 11 से बाहर का रास्ता दिखाया था और यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने उतरे थे जबकि तीसरे स्थान पर केएल राहुल बल्लेबाजी के लिए आए। दाएं हाथ के बल्लेबाज रोहित दोनों पारियों में तीन और नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए।गुरुवार को सिडनी टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने पहुंचे मुख्य कोच गौतम गंभीर से जब रोहित के प्लेइंग 11 में चुने जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। गंभीर ने कहा कि अभी प्लेइंग 11 तय नहीं की गई है और इसका फैसला कल पिच देखने के बाद ही लिया जाएगा। फील्डिंग की ट्रेनिंग के दौरान रोहित शर्मा स्लिप पर मौजूद नहीं थे, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विराट कोहली पहले स्लिप पर थे, जबकि केएल राहुल सेकेंड और नीतीश कुमार तीसरे स्लिप पर मौजूद थे। वहीं, ऋषभ पंत वकिटकीपिंग का जिम्मा संभाले हुए थे और यशस्वी जायसवाल गली में खड़े थे।इस मुकाबले से बाहर होते ही रोहित शर्मा एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। वह सीरीज के बीच में ड्रॉप होने वाले पहले भारतीय कप्तान बन जाएंगे। उनसे पहले तीन कप्तानों ने चौंकाने वाला फैसला लिया था।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## रोहित टेस्ट से संन्यास लेते हैं तो हैरानी नहीं होगी', शास्त्री ने कप्तान के भविष्य पर दिया बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**शास्त्री का बयान ऐसे समय सामने आया है जब भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी टेस्ट से पहले यह बताने से इन्कार कर दिया था कि रोहित पांचवें टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे या नहीं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के अटकलों के बीच पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने भी अपनी राय रखी है। शास्त्री का कहना है कि उन्हें हैरानी नहीं होगी अगर रोहित इस तरह का कोई निर्णय लेते हैं। शास्त्री का मानना है कि रोहित को बिना किसी बोझ के सिडनी टेस्ट में उतरना चाहिए। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम मुकाबला खेला जाना है। शास्त्री का बयान ऐसे समय सामने आया है जब भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी टेस्ट से पहले यह बताने से इन्कार कर दिया था कि रोहित पांचवें टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे या नहीं। मालूम हो कि रोहित के टेस्ट में भविष्य को लेकर काफी चर्चा चल रही है। गंभीर ने कहा था कि प्लेइंग-11 को लेकर फैसला मैच से ठीक पहले पिच देखने के बाद ही लिया जाएगा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम करियर को लेकर फैसला लेगा, लेकिन मुझे हैरानी नहीं होगी अगर वह संन्यास का फैसला करे क्योंकि अब वह युवा नहीं है। उन्होंने कहा, क्वालिफाई कर लेता है तो चीजें अलग होंगी। वैसे रोहित के लिए अपने शानदार सफर को विराम लगाने का यह सही समय है। रोहित का खराब





में कहा, अगर मैं कहीं भी रोहित के करीब होता तो रोहित शर्मा से कहता जाओ और धमाल मचाओ। फिलहाल वह जिस तरह से खेल रहे हैं वो अच्छा नहीं है। रोहित को बस विपक्षी गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक होकर खेलना है, तब देखना उसके प्रदर्शन में कैसा सुधार देखने मिलता है। रोहित अपने कई युवा खिलाड़ी हैं जो कतार में खड़े हैं, जैसे शुभमन गिल जिनका औसत 2024 में 40 का रहा। ऐसे खिलाड़ी को बेंच पर बैठा देखना आश्चर्यजनक है। इसलिए मुझे हैरानी नहीं होगी, लेकिन यह पूरी तरह से रोहित का फैसला होगा। अगर भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए फॉर्म इस सीरीज में भारत के लिए चिंता का विषय रही है। पिछली तीन सीरीज में रोहित 15 पारियों में 10.93 के औसत से 164 रन ही बना पाए हैं। इन तीन में से दो सीरीज घरेलू थी। रोहित ने इस दौरान सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रोहित 31 रन ही बना पाए हैं।

# सम्पादकीय

## बलोचिस्तान प्रांत में 'सोन चिड़िया' के शिकार के लिए आता है शाही परिवार

कुछ दिनों पहले पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत के दूर-दराज जिले दलबंदीन में स्थित हवाईपट्टी पर दो विशेष हवाईजहाज बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ उतरे। उसमें सवार था सऊदी अरबिया के शाही खानदान के सुल्तान बिन अब्दुल अजीज के परिवार का काफिला। वैसे तो इतने पिछड़े हुए गरीब इलाके में इस शाही ठाठ-बाट को देखकर कोई भी अचंभित हो सकता था लेकिन वहां के लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं थी। वो इसलिए क्योंकि पिछले कई सालों से सर्दियों के मौसम में ये शेख परिवार इस इलाके में पूरे बंदोबस्त के साथ एक दो महीना गुजारता है। उनका मकसद होता है केवल शिकार- तलोर यानी हाउब्रा बूस्टरड का शिकार।वैसे तो हाउब्रा बूस्टरड मूलरूप से मध्य एशियाई क्षेत्र में पाया जाता है मगर सर्दी के मौसम में ये पक्षी पाकिस्तान के सिंध, बलूचिस्तान और पंजाब में प्रवास करते हैं। ये निराला पक्षी भारत में भी पाया जाता है और यहां इसे सोन चिड़िया के नाम से जाना जाता है। खाड़ी देशों के अरब शेखों के लिए इस तलोर (या तल्लूर) की खासी अहमियत है।शेख परिवार इनके शिकार के लिए बंदूक की बजाय पालतू बाज का इस्तेमाल करते हैं। शिकार करने से पहले बाज को प्रशिक्षण देना और शिकार के वक्त उसकी उड़ान को परखना और जब वो तल्लूर को जकड़ कर ले आए तो फिर चैन से तल्लूर का मांस पकाना और उसका सेवन करना। ये शेख परिवार सर्दियों का लुत्फ़ कुछ इस तरह ही उठाते हैं। आजकल तो बाज के पंजों में जी पी एस ट्रैकर और कैमरा जैसे आधुनिक यंत्र लगा कर वो इस लुत्फ को और भी दुगुना कर रहें हैं । बस यही है इन अमीर परिवारों के नवाबी शौक पूरा करने का जरिया। उनका यह शौक पाकिस्तान में मुसलसल पूरा होता है। दरअसल पाकिस्तान हर साल अरब शेखों के इस शौक़ को बनाए रखने के लिए सऊदी अरब क़तर बहरीन संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों को परमिट प्रदान करता है। मजे की बात ये है कि तलोर का शिकार आम पाकिस्तानियों के लिए प्रतिबंधित है। इसके बावजूद अरब के शाही परिवार के सदस्यों को इसकी अनुमति दी जाती है। शेखों को दी जाने वाली इस रियायत के दो मुख्य कारण है जिनमें सबसे पहला है इसके द्वारा आने वाला वित्तीय फायदा। 1970 के दशक के बाद से अरब शेखों और खाड़ी देशों के शाही परिवारों को जहां इस शिकार के लिए आमंत्रित किया जाने लगा था वहीं उनसे अच्छी खासी फीस भी बटोरी जाने लगी । ऐसा अंदाजा है कि टोली के हर सदस्य पर तकरीबन दस हजार डॉलर और हर बाज के लिए एक हजार डॉलर की फीस के साथ साथ परमिट जारी करने का भी अलग से शुल्क लिया जाता है। इस परमिट में दिनों की संख्या के अलावा शिकार हेतु पक्षियों की मात्रा और बाज़ के उपयोग की सीमा भी निर्धारित होती है। हर शाही परिवार को आमतौर पर वही स्थान शिकार के लिए आवंटित होता है जिससे उन्हें इलाके की पूरी तरह जानकारी रहे मसलन कतर के शाही परिवार को बलोचिस्तान और संयुक इमारत के सुल्तान को दक्षिण पंजाब के शिकारगाहों पर हक है। हर साल पच्चीस तीस शाही परिवार को परमिट देने का मतलब है कि सालाना अच्छी खासी मोटी रकम पाकिस्तान सरकार के खाते में पहुंच जाती है। इसके अलावा पिछले कुछ सालों से पाकिस्तान ने अपनी विदेश नीति में भी तल्लूर के शिकार को खासा महत्व देना शुरू कर दिया है। शाही परिवार की इन निजी शौकिया यात्राओं का उपयोग पाकिस्तान सरकार इन देशों के साथ राजनयिक संबंध बढ़ाने के लिए भी करती रही है। पाकिस्तान के एक नामी-गिरामी मंत्री ने तो कुछ साल पहले ये तक कह दिया था कि ङ्घपाकिस्तान इस खेल और शौक को प्रोमोट करता है क्योंकि हमारे पास भारत की तरह नाइट क्लब नहीं है ।

# नए साल में पर्यावरणीय चुनौतियां कम होने के आसार नहीं



जलवायु परिवर्तन के कारण तूफान, बाढ़, सूखा और जंगलों में आग लगने की घटनाएं अधिक बार और अधिक तीव्र हो सकती हैं। इनसे कृषि उत्पादन और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो सकता है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हर स्तर पर महसूस किया जा रहा है। नए साल का आगमन न केवल नई उम्मीदों और अवसरों को लेकर आता है, बल्कि पर्यावरणीय चुनौतियों की बढ़ती जटिलताओं की भी याद दिलाता है। जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में गिरावट और संसाधनों की अति-खपत जैसे मुद्दे न केवल हमारे पर्यावरण को बल्कि मानव समाज और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। 2025 में दुनिया को कई महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। जैसे औसत वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी, चरम मौसमी घटनाओं की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि और ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र स्तर में संभावित वृद्धि। साथ ही वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण और असंतुलित शहरीकरण जैसी समस्याएं प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव डाल रही हैं। आज यह आवश्यक है कि हम पर्यावरणीय संरक्षण को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यह न केवल एक चेतावनी है बल्कि एक अवसर भी है कि हम प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का नया अध्याय शुरू करें। जलवायु परिवर्तन पिछले कुछ दशकों में एक प्रमुख वैश्विक समस्या बन गई है। वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ता स्तर धरती के तापमान को बढ़ा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि आगे वैश्विक तापमान 1.5ष्ट सेंटीग्रेट से ऊपर बढ़ने की संभावना है। यह समस्या न केवल पर्यावरण, बल्कि समाज, अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य पर भी व्यापक प्रभाव डाल रही है। इस दौर में नए साल में भी औसत वैश्विक तापमान में वृद्धि जारी रहेगी। यह प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर सकती है और खेती, जल स्रोतों, तथा मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इस स्थिति में गर्मी की चरम घटनाओं की तीव्रता और अवधि में वृद्धि होगी। वैश्विक तापमान वृद्धि से ध्रुवीय बर्फ और ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से समुद्र स्तर में वृद्धि होगी, जिससे तटीय क्षेत्रों का खतरा बढ़ेगा। छोटे द्वीप और निचले तटीय क्षेत्र (जैसे मालदीव) डूबने के कगार पर आ सकते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण तूफान, बाढ़, सूखा और जंगलों में आग लगने की घटनाएं अधिक बार और अधिक तीव्र हो सकती हैं। इनसे कृषि उत्पादन और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो सकता है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हर स्तर पर महसूस किया जा रहा है। इसे रोकने और इसके प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। बढ़ते तापमान और अनियमित वर्षा चक्र के कारण जल स्रोतों का संकट गहराने के आसार हैं। हिमनदों के पिघलने से नदियों का जलस्तर प्रभावित होगा, जो करोड़ों लोगों के लिए जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत हैं। पृथ्वी पर उपलब्ध 97 प्रतिशत पानी खारा है और केवल 3 प्रतिशत पानी पीने योग्य है। हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और यमुना जैसी नदियों का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। भारत में विश्व के कुल भूजल का 25 प्रतिशत उपयोग किया जाता है, जो 2025 में संकट की स्थिति में पहुंच सकता है। बड़े शहरों में पानी की मांग बढ़ने के कारण झीलें और जलाशय सूख रहे हैं। वर्ष 2025 में प्रदूषण से जुड़ी कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करेंगी। वर्ष 2024 में दिल्ली सहित कई भारतीय शहर विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार थे। हर साल लगभग 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में फेंका जाता है। प्रदूषण के विभिन्न प्रकारों के कारण होने वाले प्रभाव और उनकी चुनौतियों पर नजर डालते हैं। बढ़ते औद्योगिकरण और वाहनों की संख्या में वृद्धि से शहरों में वायु गुणवत्ता और खराब हो सकती है। वायु प्रदूषण से श्वसन रोग, हृदय संबंधी समस्याएं और बच्चों में अस्थमा जैसी बीमारियां बढ़ेंगी। फेफड़ों के लिए घातक धूल पीएम 2.5 और पीएम-10 जैसे कण वातावरण में बढ़ सकते हैं जिससे दृश्यता और हवा की शुद्धता प्रभावित होगी। औद्योगिक कचरा, कृषि में उपयोग किए गए रसायन और घरेलू कचरे के कारण जल स्रोतों का प्रदूषण बढ़ सकता है। समुद्र में प्लास्टिक कचरे और तेल रिसाव से समुद्री जीवों और प्रवाल भित्तियों को नुकसान हो सकता है। वाहनों, निर्माण कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों से शोर प्रदूषण में वृद्धि होगी। सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग और गलत तरीके से निपटान पर्यावरण के लिए एक बड़ी समस्या बना रहेगा। पर्यावरणीय मानकों का पालन न करने वाले उद्योगों से विषाक्त पदार्थों का उत्सर्जन बढ़ेगा। बिना उपचारित पानी और रसायन नदियों और जलाशयों को दूषित करेंगे। पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपचारित निपटान से भारी धातुओं (जैसे सीसा और पारा) का प्रदूषण बढ़ सकता है। प्रदूषण एक वैश्विक संकट है और इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा। 2025 में यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम प्रदूषण को नियंत्रित करने और एक स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाएं। जैव विविधता का नुकसान जारी रहेगा नए साल में भी बायोडायवर्सिटी (जैव विविधता) की कमी पारिस्थितिकी तंत्र को असंतुलित कर सकती है। वनों की कटाई और शहरीकरण के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। मधुमक्खियां और अन्य परागणकर्ता विलुप्त हो रहे हैं, जिससे फसलों का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। दुनिया की 80 प्रतिशत ऊर्जा अभी भी जीवाश्म ईंधन से आती है। इसके जलने से ग्रीनहाउस गैसें उत्सर्जित होती हैं। सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग बढ़ रहा है, लेकिन यह अभी भी पर्याप्त नहीं है। जबकि इलेक्ट्रिक वाहन बढ़ रहे हैं, उनकी बैटरी के लिए खनिजों का दोहन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकता है। खाद्य सुरक्षा और कृषि पर संभावित संकट बदलते मौसम चक्र, अत्यधिक तापमान, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाएं कृषि उत्पादकता को सीधे प्रभावित करती हैं। मानसून की अनिश्चितता से फसल बुआई और कटाई के समय में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में गिरावट आती है। सूखा या अत्यधिक बारिश फसलों को नुकसान पहुंचाती है। बढ़ता तापमान गेहूँ, धान, मक्का और अन्य फसलों की पैदावार कम कर सकता है, क्योंकि कई फसलें अधिक गर्मी सहन नहीं कर पातीं। भारी बारिश और बाढ़ मिट्टी की ऊपरी उपजाऊ परत को नष्ट कर देती है। हिमनदों के पिघलने और जल स्रोतों के सूखने से सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता घट सकती है। नदियों का प्रवाह घटने से कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। बदलते मौसम से कीटों और रोगजनकों की संख्या और फैलाव बढ़ सकता है। उच्च आर्द्रता और तापमान की वजह से फसलों में रोग लगने की संभावना अधिक हो सकती है। कम उत्पादन के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होंगे। यदि समय पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में खाद्य संकट और आर्थिक अस्थिरता गहरा सकती है। सतत और सामूहिक प्रयासों से ही इस चुनौती का समाधान संभव है। पर्यावरणीय समस्याएं वैश्विक और जटिल हैं, लेकिन इन्हें हल करना असंभव नहीं है। 2025 में हमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक भागीदारी का उपयोग करके इन चुनौतियों का सामना करना होगा। यदि हम अभी ठोस कदम उठाते हैं, तो एक टिकाऊ और हरित भविष्य की संभावना बनी रह सकती है।

# धार्मिक सहिष्णुता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए गो-वध निषिद्ध होना चाहिए

भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का एक बड़ा कारण गो-हत्या रहा है। हाल के वर्षों में, भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की कई घटनाएं हुई हैं, जहां गो-हत्या या गोमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहां तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए हमारा देश भारत अनेकता में एकता का सम्मान करने वाला एक विविधताओं से भरा हुआ देश है, जहां कई धर्मों और संस्कृतियों के लोग एक साथ मिलजुलकर निवास करते हैं। यहां की आबादी में हिंदू लगभग 80झ् हैं, जबकि मुस्लिम लगभग 15झ् हैं। ऐसे देश में जहां ज़्यादातर लोग गाय को पवित्र पशु के रूप में मानते हैं और उसे अति सम्मान की नज़र से देखते हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करना हमारी ज़िम्मेदारी बन जाती है। दूसरों की मान्यताओं का सम्मान करना, सद्भाव से रहना और ऐसे किसी भी काम से बचना है, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुंचा सकता है या समाज में अनेक समस्याएँ पैदा कर सकता है।इस्लाम में, हमारा धर्म हमें दूसरों के साथ शांति से रहना और उनकी परंपराओं और मान्यताओं का सम्मान करना सिखाता है। कुरान हमें ऐसे काम करने से बचने के लिए कहता है, जो दूसरों की भावनाओं को चोट पहुँचा सकते हैं, खासकर अगर इससे बहस या हिंसा हो। जब हम समझते हैं कि भारत में अधिकतर लोग गाय को पवित्र मानते हैं, तो एक सच्चे मुसलमान के तौर पर यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को ठेस न पहुँचाएँ। यह प्यार और दोस्ती को सम्मान देकर सौहार्द और आपसी प्रेम को बढ़ानेवाले तरीके से जीने के बारे में है। भारत में सामाजिक तनाव और हिंसा का एक बड़ा कारण गो-हत्या रहा है। हाल के वर्षों में, भीड़ द्वारा हमले और लिंचिंग की कई घटनाएं हुई हैं, जहां गो-हत्या या गोमांस खाने के आरोप में कई लोगों को पीटा गया या यहां तक कि मार दिया गया। इनमें से कई हमले गलतफहमी या अफवाहों के कारण हुए। ऐसी घटनाएं समुदायों के बीच विभाजन पैदा करती हैं, जिससे लोगों का एक-दूसरे पर भरोसा करना मुश्किल हो जाता है। भारत में गो-हत्या के इतने बड़े मुद्दे बनने का एक कारण यह है कि गाय हिंदू संस्कृति के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई हैं। गाय को अक्सरठगौ माताठ कहा जाता है, जिसका अर्थ है गाय माता। हिंदुओं का मानना है कि गाय दयालुता,देखभाल और निस्वार्थ भाव से देने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि यह मनुष्योंको दूध प्रदान करती है। गाँवों और ग्रामीण क्षेत्रों में, गायों को परिवार का सदस्य भी माना जाता है और कई परिवार डेयरी फ़ार्मिंग के ज़रिए अपनी आजीविका के लिए उन पर निर्भर हैं। भारत दुनिया का एक बड़ा दूध उत्पादक है, जो वैश्विक डेयरी उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लाखों किसान, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, अपनी आय के लिए गायों पर निर्भर हैं। भारतीय डेयरी उद्योग देश की कृषि की आधारशिला है, जिसका दूध उत्पादन वित्तवर्ष 2023 में लगभग 230 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया। यह पिछले वर्षों की तुलना में लगातार वृद्धि को दर्शाता है, जो इस क्षेत्र के विकास और महत्व को रेखांकित करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, जहाँ प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 459 ग्राम प्रतिदिन है। इसलिए, जब गायों का वध किया जाता है, तो यह इस व्यवस्था को बाधित करता है और गाँवों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। गायों की रक्षा करना किसानों की आजीविका का समर्थन करने और देश की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के बारे में है। इस्लाम में, जानवरों की बलि देना धार्मिक प्रथाओं का एक हिस्सा है, खासकर ईद-उल-अज़हा के दौरान।हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस्लाम में विशेष रूपसे गायों की बलि की आवश्यकता नहीं है। अन्य जानवर, जैसे बकरी, भेड़ या भैंस, की भी बलि दी जा सकती है। भारत जैसे देश में, जहां गो-हत्या इतना तनाव पैदा करती है, विकल्प चुनना दूसरों को चोट पहुंचाने से बचने का एक सरल तरीका है और साथ ही अपने धार्मिक कर्तव्यों को भी पूरा करना है।2017 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने अवैध बूचड़खानों पर कार्रवाई शुरू की। यह कदम उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विशेष रूप से प्रमुख था और इसका उद्देश्य मौजूदा कानूनों को लागू करना और मांस उद्योग को विनियमित करना था। इस पहल के तहत कई अपंजीकृत और अनियमित बूचड़खानों को बंद कर दिया गया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक रहा है, जहाँ पिछले कुछ वर्षों में दूध उत्पादन मेंलगातार वृद्धि हुई है। 2023 में, देश का दूध उत्पादन 230 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जो स्थिर वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि दूध देने वाली गायों की बढ़ती आबादी और बेहतर डेयरी फार्मिंग तकनीकों के कारण है। दूध देने वाली गायों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें संकर या विदेशी गायों की संख्या 25झ् है, जबकि कुछ साल पहले यह 15झ् थी। गायों की रक्षा इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की स्थिरता सुनिश्चित करती है, जो लाखों ग्रामीण किसानों का समर्थन करती है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है। 2016 से 2020 तक, गोहत्या या गोमांस खाने के आरोपों से संबंधित भीड़ की हिंसा और लिंचिंग की घटनाओं में 50 से अधिक लोगों की जान चली गई। ये दुखद घटनाएँ अक्सर ग़लतफ़हमियों, झूठी अफ़वाहों या सोशल मीडिया पर गलत सूचना के कारण होती हैं। इस तरह की हिंसा ने समुदायों के बीच विभाजन पैदा किया है और भारत में शांति और एकता बनाए रखने के लिए इन मुद्दों को संबोधित करने के महत्व को रेखांकित किया है। धार्मिक भावनाओं का सम्मान करके और हिंसा को बढ़ावा देनेवाली गलत सूचनाओं के प्रसार को रोककर सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सकता है हमारा इतिहास बताता है कि हिंदू और मुसलमान सदियों से शांतिपूर्वक साथ रहते आए हैं। मुगल काल में अकबर और जहांगीर जैसे शासकों ने हिंदू प्रजा की मान्यताओं का सम्मान करने के लिए गोहत्या से परहेज किया। इन भावनाओं का सम्मान करने के उनके फैसले ने साम्राज्य में शांति और एकता बनाए रखने में मदद की। अगर वे सैकड़ों साल पहले इस स्तर की समझदारी और उदारता का दिखा सकते थे, तो हम आज की आधुनिक दुनिया में भी ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं। गोहत्या से जुड़ी हिंसा अक्सर समझ और संवाद की कमी के कारण होती है। बहुत से लोग यह नहीं समझते कि बहुसंख्यकों की मान्यताओं का सम्मान करने का मतलब अपनी मान्यताओं को छोड़ना नहीं है। इसका मतलब बस एक संतुलन बनाना है, जो सुनिश्चित करता है कि हर कोई शांति से रह सके। गो-हत्या से बचना सम्मान दिखाने और अनावश्यक संघर्षों को रोकने का एक तरीका है। हाल के वर्षों में, सोशल मीडिया ने गो-हत्या के बारे में गलत जानकारी फैलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। गायों को नुकसान पहुंचाने का दावा करने वाले वीडियो और संदेश अक्सर वायरल हो जाते हैं, भले ही वे दावे सच न हों। इससे लोगों में गुस्सा पैदा होता है, जिससे भीड़ हिंसा करती है। हर किसी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जानकारी को शेयर करने से पहले उसे सत्यापित करें और ऐसी अफ़वाहें फैलाने से बचें जो परेशानी पैदा कर सकती हैं। मुसलमान होने के नाते, हमारे पास अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की शक्ति है। गायों का वध न करने का निर्णय लेकर और खुले तौर पर शांति और सम्मान को बढ़ावा देकर, हम दिखा सकते हैं कि हम बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को महत्व देते हैं। यह छोटा सा कदम विश्वास बनाने और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अक्सर मौजूद अविश्वास को कम करने में एक लंबा रास्ता तय कर सकता है। इस मुद्दे को हल करने में शिक्षा एक और महत्वपूर्ण कारक है। स्कूलों और कॉलेजों को बच्चों को दूसरों की मान्यताओं का सम्मान करने और शांति से एक साथ रहने के महत्व के बारे में सिखाया जाना चाहिए। जब युवा लोग हिंदुओं के लिए गायों के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के बारे में जानेंगे, तो वे यह समझने में बेहतर ढंग से सक्षम होंगे कि गोहत्या से बचना क्यों महत्वपूर्ण है। धार्मिक नेता भी सद्भाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने प्रभाव का उपयोग अपने समुदायों को दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कर सकते हैं। शांति और समझ का संदेश देकर, वे तनाव को कम करने और हिंसा को रोकने में मदद कर सकते हैं। इस मुद्दे को संभालने में सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है। बूचड़खानों में नियमों और विनियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून बनाए जाने चाहिए। साथ ही, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी समुदाय लक्षित या भेदभाव महसूस न करें। एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली लोगों के बीच विश्वास बनाने में मदद करेगी। मीडिया आउटलेट्स को भी जिम्मेदारी से रिपोर्ट करना चाहिए। गोहत्या या भीड़ हिंसा से जुड़ी घटनाओं को सनसनीखेज बनाने के बजाय, उन्हें एकता और सहयोग की कहानियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के उदाहरणों को उजागर करने से दूसरों को भी उसी रास्ते पर चलने की प्रेरणा मिल सकती है। उन लोगों को आर्थिक विकल्प भी प्रदान किए जाने चाहिए जो अपनी आजीविका के लिए मवेशी व्यापार और बूचड़खानों पर निर्भर हैं। कई मुसलमान इन उद्योगों के माध्यम से अपनी आय अर्जित करते हैं, और उन्हें अन्य अवसर प्रदान करना, जैसे कि डेयरी फार्मिंग या बकरी व्यापार, गोहत्या पर उनकी निर्भरता को कम कर सकता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि गोहत्या से बचना एक विविधतापूर्ण देश में शांतिपूर्वक एक साथ रहने का तरीका खोजने के बारे में है। इस्लाम लचीलेपन की अनुमति देता है, और गोहत्या के विकल्प को चुनना समाज में सद्भाव बनाए रखने के लिए एक छोटा-सा बलिदान है। मुसलमानों के तौर पर, इस एकता में योगदान देना और दुनिया को यह दिखाना हमारा कर्तव्य है कि विविधता ताकत का स्रोत हो सकती है, विभाजन का नहीं। भारत में गोहत्या को रोकना बहुसंख्यक समुदाय की मान्यताओं का सम्मान करने और हमारे समाज में शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने का एक तरीका है। मुसलमान होने के तौर पर, हमें इस समझ को बढ़ावा देने और यह दिखाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए कि हमारे कार्य करुणा और सम्मान से प्रेरित हैं। ऐसा करके हम अपने समाज और देश को समावेशी और बेहतर बना सकने में अपना सराहनीय योगदान दे सकते हैं।



# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)



## FACILITIES


- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking

Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने ठुकराई एफआईआर रद्द करने की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** संभल की शाही जामा मस्जिद में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग ठुकरा दी है। संभल की शाही जामा मस्जिद में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एफआईआर रद्द नहीं होगी और पुलिस की जांच जारी रहेगी।



हालांकि हाईकोर्ट ने पुलिस को फिलहाल सांसद बर्क को गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा सांसद के मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एफआईआर रद्द करने की मांग को ठुकरा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें 7 साल से कम की सजा होती है। इस मामले में पुलिस सांसद बर्क को नोटिस जारी करेगी। नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा। कोर्ट ने कहा कि अगर पुलिस के नोटिस देने पर बयान दर्ज करने के लिए सांसद बर्क नहीं आएंगे और पुलिस की जांच में सहयोग नहीं करेंगे तभी उनकी गिरफ्तारी होगी। कोर्ट ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने आदेश पर अमल करने को कहा है। बता दें कि संभल में 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे को लेकर भड़की हिंसा मामले में पुलिस ने सपा के स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी नंबर एक बनाया है, उनके खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके बाद सांसद बर्क ने एफआईआर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी और एफआईआर रद्द किए जाने की गुहार लगाई थी। इस मामले पर जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस अजहर हुसैन इदरीसी की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सांसद जियाउर्रहमान बर्क की तरफ से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और सैयद इकबाल अहमद ने दलीलें पेश की और बताया कि जिस दिन हिंसा भड़की थी वो शहर में मौजूद नहीं थे। यूपी सरकार की तरफ से शासकीय अधिवक्ता एके संड ने पक्ष रखा।

## छह जिलों पर खतरा, चार की स्थिति भी खराब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुल 11 जिलों में से केवल मध्य जिले में ही स्थिति थोड़ी संतोषजनक है। वहीं दस जिले गंभीर और अतिगंभीर श्रेणी में है।



कुल रिसोर्स जल का 100 फीसद से भी अधिक का दोहन हुआ। पानी के दोहन में राजधानी के लोग एक कदम आगे हैं। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली के लोग बूंद-बूंद भू-जल निचोड़ रहे हैं।2024 में दिल्ली में कुल रिसोर्स भूजल का 100.77 फीसदी जल दोहन किया गया। इस दौरान दिल्ली का दोहन योग्य वार्षिक भूजल रिचार्ज 344 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) से घटकर 341.90 एमसीएम रह गया है। वर्ष 2024 में दिल्ली का शुद्ध वार्षिक ग्राउंड वाटर रिचार्ज 0.38 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) होने का अनुमान है। इसमें 0.34 बीसीएम निकासी के लिए उपलब्ध है। चिंताजनक बात यह है कि उपलब्ध भूजल से अधिक दोहन किया गया है। 100.77ज्ञ् भूजल दोहन किया गया। वर्ष 2023 में यह निकासी 99.13ज्ञ् के करीब थी।सीजीडब्ल्यूबी ने दिल्ली की 34 तहसीलों में भूजल का आकलन किया। इनमें से प्रत्येक को एक मूल्यांकन इकाई कहा जाता है। इन 34 मूल्यांकन इकाइयों में से 14 इकाइयों (41.18ज्ञ्) को अति गंभीर श्रेणी, 13 इकाइयों (38.24ज्ञ्) को गंभीर श्रेणी, दो इकाइयों (5.88ज्ञ्) को अर्ध-गंभीर और पांच इकाइयों (14.71ज्ञ्) को सुरक्षित श्रेणी में रखा गया है। वर्ष 2023 में 12 इकाइयां अति गंभीर व चार इकाइयां अर्ध गंभीर श्रेणी में थीं। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार दिल्ली में कुल छह जिलों की हालत अधिक चिंताजनक है। दिल्ली के दक्षिणी, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, शाहदरा और उत्तर पूर्वी दिल्ली की स्थिति अति गंभीर श्रेणी में है। वहीं पश्चिमी, दक्षिण पूर्वी, दक्षिण पश्चिम, उत्तरी पश्चिमी जिले के कई हिस्से गंभीर श्रेणी में है। केवल मध्य जिले की स्थिति संतोषजनक है। मध्य जिले के अंतर्गत आने वाली तीन में से दो तहसीलें सुरक्षित है वहीं एक तहसील अर्द्ध गंभीर श्रेणी में है।

## पहाड़ से मैदान तक सुबह-शाम ठंड ने किया बुरा हाल, अब दो दिन बारिश के आसार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** प्रदेश के छह जिलों में छह और सात जनवरी को मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा।



इसको लेकर मौसम विभाग ने सूचना जारी की है।उत्तराखंड में मौसम की आंख मिचौली जारी है। सुबह और शाम को हल्का कोहरा छा रहा है, वहीं पाला भी हो रहा है। जिससे ठंड में इजाफा हुआ है। वहीं, दिन में हल्की धूप राहत भी दे रही है। राजधानी दून से लेकर कई मैदानी इलाकों में सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई। वहीं, पहाड़ों की रानी मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चलने से तापमान में भी भारी गिरावट आई है। शीतलहर ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।प्रदेश के छह जिलों में छह और सात जनवरी को मौसम एक बार फिर से करवट बदलेगा। इसको लेकर मौसम विभाग ने सूचना जारी की है। छह जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली में हल्की बारिश की संभावना है। जबकि सात जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में मेघ के बरसने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिकों के देहरादून में फिलहाल मौसम शुष्क करने के साथ ही कोहरे छाए रहने की संभावना है। बृहस्पतिवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## आधी रात को बिग बी ने किया ऐसा पोस्ट, अभिनेत्री नफीसा अली बोलीं- आपको राष्ट्रपति बनना चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में, अमिताभ बच्चन ने एक कार्टून शेयर किया है, जिसमें दिवंगत रतन टाटा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, तबला के दिग्गज जाकिर हुसैन और फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल सभी स्वर्ग में हैं। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन न केवल अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। भारतीय मेगास्टार अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। अभिनेता ने शुक्रवार की सुबह अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें बताया गया कि कैसे राष्ट्र ने 2024 में कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों के निधन पर उनके धर्म से परे जाकर शोक मनाया था। आइए जानते हैं कि बिग बी ने क्या कहा है। हाल ही में, अमिताभ बच्चन ने एक कार्टून शेयर किया है, जिसमें दिवंगत रतन टाटा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, तबला के दिग्गज जाकिर हुसैन और फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल सभी स्वर्ग में हैं। पोस्ट में लिखा है, ठ2024 में एक पारसी, एक मुस्लिम, एक सिख और एक हिंदू का निधन हुआ और पूरा देश ने शोक मनाया और उन्हें केवल भारतीय के रूप में याद किया। इसे अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा, ठतस्वीर सब कुछ कह देती है।ठ जैसे ही उन्होंने यह पोस्ट शेयर की, नेटिजंस ने अभिनेता की इस पोस्ट की खूब सराहना की है और कहा कि बिल्कुल भारत इसी तरह का है। हालांकि, इन सब में दिग्गज अभिनेत्री नफीसा अली के कमेंट ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। नफीसा अली ने बिग बी की इस पोस्ट की तारीफ करते हुए लिखा, ठआज आपके विचारों से बहुत प्रभावित हुई हूं... आपको भारत का राष्ट्रपति होना चाहिए... आपके स्वास्थ्य, खुशी और हार्दिक शांति की कामना करती हूं वर्कफ्रंट की बात करें तो अमिताभ बच्चन पिछले दिनों कल्कि 2898 एडी में नजर आए थे। फिल्म में दर्शकों ने उनकी भूमिका की जमकर तारीफ भी की थी। इस समय शहंशाह अपने लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति के होस्ट के रूप में भी शूटिंग कर रहे हैं।



## नए साल में सिनेमाघरों में धमाल मचाएंगी साउथ की फिल्में, कई बड़े सितारों के नाम है शामिल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2025 में साउथ की कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इस लिस्ट में कई बड़े सितारों का नाम शामिल है। आइए जानते हैं कौन-कौन सी रिलीज होंगी ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' ने साल 2022 में सिनेमाघरों में दस्तक दिया और बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। फिल्म की कहानी ने प्रशंसकों और समीक्षकों को काफी प्रभावित किया। का प्रशंसकों को काफी लंबे समय से इंतजार है। यह फिल्म 1 मई 2025 में रिलीज होगी। थलपति विजय राजनीति की दुनिया में कदम रख चुके हैं। उन्होंने फिल्म दुनिया से ब्रेक लेने का भी ऐलान




फिल्में इस साल कब रिलीज होंगी। साल 2024 में साउथ की कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। दक्षिण भारतीय फिल्मों ने दर्शकों और समीक्षकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया हासिल की। हालांकि, अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों का नंबर काफी कम रहा। चाहे बॉलीवुड हो या साउथ गुजरा साल बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाया। अच्छी बात यह रही कि जाते-जाते अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। खैर, जो बीत गया सो बीत गया, अब बात करते हैं आने वाले साल की, जो फिल्म प्रेमियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आ रहा है, खासकर साउथ के कई बड़े स्टार्स की फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। आइए जानते हैं साल 2025 में कौन-कौन सी साउथ इंडियन फिल्में कब अब लोगों को इसके दूसरे पार्ट का बेसब्री के साथ इंतजार है। यह फिल्म इस साल 2 अक्तूबर को रिलीज होगी। राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इस साल जनवरी में यह फिल्म तहलका मचाएगी। यह फिल्म 10 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। प्रभास की फिल्म 'राजा साहब' भी इस साल प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। 'कल्कि 2898 एडी' से लोगों का दिल जीतने के बाद उनकी फिल्म 'राजा साहब' 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। साल 2024 में रजनीकांत की फिल्म 'वेटैयन' ने सिनेमाघरों में दस्तक दी। इस फिल्म में उनके साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आए। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन औसत रहा। अब साल 2025 में उनकी फिल्म 'कुली' रिलीज होगी। उनकी इस फिल्म कर दिया है। 'थलपति 69' उनकी आखिरी फिल्म होगी। उनकी इस फिल्म का प्रशंसक बड़ी ही बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म अक्तूबर तक रिलीज हो सकती है। हालांकि, इसके रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया हैसाल 2024 में रिलीज हुई कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' बुरी तरह फ्लॉप हुई। अब साल 2025 में अभिनेता मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' में लीड रोल में नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 5 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साउथ अभिनेता अजित की दो फिल्में इस साल सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। उनके फैंस को इसका काफी लंबे समय से इंतजार है। 'विदामुयार्ची' इस साल पोंगल पर रिलीज हो सकती है। वहीं, 'गुड बैड अग्ली' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## पत्नी संग मालदीव में छुट्टियां मना रहे हैं शाहिद कपूर, फैंस बोले- हमें तो है 'देवा' का इंतजार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर इन दिनों पत्नी मीरा राजपूत और दोनों बच्चों के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रहे हैं। मीरा और शाहिद ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर साझा की है। शाहिद कपूर और मीरा राजपूत अपने बच्चों जैन और मीशा के साथ नए साल का स्वागत मालदीव में छुट्टियां मनाकर कर रहे हैं। मीरा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जन्मदिन की तस्वीरें साझा की हैं।मीरा राजपूत ने तस्वीरों में लिखा- मेरे साथ आओ। तस्वीर में शाहिद कपूर अपनी पत्नी का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। मीरा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी म्यूजिकल शाम की तस्वीरें साझा की हैं, जहां वे एंजॉय कर रही हैं। मीरा ने बीच के किनारे अपने बच्चों के साथ एंजॉय कर रही हैं, उन्होंने सभी की चप्पलों की तस्वीरें साझा कर ये बताया है। शाहिद कपूर परिवार के साथ समय बिताना पसंद करते हैं। वे अक्सर पत्नी मीरा संग तस्वीर साझा करते रहते हैं। शाहिद ने अब अपने बच्चों के साथ मालदीव में नए साल का जश्न मनाया है। मीरा राजपूत की तस्वीर को शाहिद और मीरा के फैंस ने बहुत पसंद किया है। फैंस ने मीरा की ब्रेसलेट पर भी ध्यान दिया है, उन्होंने कहा- मेरे पास भी ये ब्रेसलेट है। इन तस्वीरों में फैंस ने देवा फिल्म को देखने के लिए भी अपनी उत्सुकता दिखाई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' इस साल बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। इसमें वे पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे। शाहिद को इससे पहले फटा पोस्टर निकला हीरो फिल्म में भी पुलिस अधिकारी की वर्दी में देखा जा चुका है। फिल्म 'देवा' 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली है।



## राम चरण ने गेम चेंजर के लिए फीस में की कटौती, डबल रोल के लिए ली इतनी रकम, जानकर हो जाएंगे हैरान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पैन इंडिया सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म गेम चेंजर को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज डेट जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। आइए आपको बताते है कि फिल्म गेम चेंजर के लिए राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी ने कितनी रकम वसूल की है। राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले आपको बताते है कि फिल्म गेम चेंजर में डबल रोल निभा रहे राम चरण ने इस फिल्म के लिए कितनी फीस वसूल की है। साथ ही फिल्म की लीड हीरोइन कियारा आडवाणी को फिल्म के लिए कितनी रकम मिली है। आरआरआर की अपार सफलता के बाद, राम चरण कथित तौर पर एक फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं, लेकिन फिल्म गेम चेंजर की रिलीज में देरी की वजह से राम चरण ने आगामी फिल्म के लिए भुगतान में कटौती करने के लिए सहमत हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म गेम चेंजर के मूल समय सीमा को पूरा करने में विफल होने के बाद राम चरण ने अपने वेतन में कटौती की है। फिल्म की रिलीज में काफी देरी की वजह से अभिनेता को 65 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। एस शंकर ने फिल्म के लिए निर्देशन के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये लिए, जबकि कियारा आडवाणी को कथित तौर पर 5 से 7 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गेम चेंजर को 450 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट पर बनाया गया है, जिसमें से 75 करोड़ रुपये फिल्म के चार गानों पर खर्च किए गए हैं। फिल्म के आधिकारिक संगीत भागीदारों ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें चार गानों के लिए चौंका देने वाली राशि को सही ठहराया गया। संगीत लेबल, सारेगामा ने खुलासा किया कि सभी चार गाने, जिसमें जरागांडी, रा माचा माचा, नाना हयाना और धोप सेटों के साथ बड़े पैमाने पर बनाए गए थे। जरागंडी गाने का निर्देशन प्रभु देवा ने किया था और इसे 600 डांसर के साथ 13 दिनों में फिल्माया गया था, जबकि रा माचा माचा का डांस निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है और इसमें 1000 डांसर ने भाग लिया है। निर्माताओं ने दावा किया कि न्यूजीलैंड में शूट किया गया नाना हयाराना पहला भारतीय गाना है जिसे इन्फ्रारेड कैमरे से शूट किया गया है। जानी मास्टर द्वारा कोरियोग्राफ किए गए गाने धोप में निर्माताओं ने 100 रूसी डांसरों को शामिल किया है। गेम चेंजर 10 जनवरी को सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे 2025 की पहली बड़ी रिलीज बना देगा।




## जानी मास्टर को 'इज्जत' से रामचरण का गेम चेंज, लोगों ने कहा, क्या इसे जेल में नहीं होना चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** निर्देशक एस शंकर की 10 जनवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म 'गेम चेंजर' के ट्रेलर को भले रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा हो, लेकिन फिल्म के ट्रेलर की एंड प्लेट पर पॉक्सो केस में गिरफ्तार हो चुके कोरियोग्राफर जानी मास्टर का नाम देखकर लोग हैरान हैं।निर्देशक एस शंकर की 10 जनवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म 'गेम चेंजर' के ट्रेलर को भले रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा हो, लेकिन फिल्म के ट्रेलर की एंड प्लेट पर पॉक्सो केस में गिरफ्तार हो चुके कोरियोग्राफर जानी मास्टर का नाम देखकर लोग हैरान हैं। अभी बीते हफ्ते ही जानी मास्टर ने फिल्म के गाने 'धोप' की एक क्लिपिंग सोशल मीडिया पर शेयर की थी, जिस पर लोगों ने न सिर्फ उन्हें खूब ट्रोल किया, बल्कि यहां तक लिखा कि इस शख्स को क्या जेल में नहीं होना चाहिए अभिनेता राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' से हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री कियारा आडवाणी साउथ सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। 'गेम चेंजर' का यह गाना सोशल मीडिया पर खास ऊर्जा नहीं जगा पाया है, जबकि बताते हैं कि इसमें 100 रशियन डांसर्स ने हिस्सा लिया और इसे फिल्माने के लिए पूरी टीम ने पूरा आठ दिन तक मेहनत की। इस गाने को फिल्म की टीम ने अमेरिका के डलास में लॉन्च किया था, लेकिन ये गाना रिलीज के साथ ही फूले हुए गुब्बारे की तरह फुस्स हो गया। फिल्म 'गेम चेंजर' की टीम 4 अक्तूबर को मुंबई में होगी और उसी दिन साउथ में भी फिल्म की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। फिल्म का ट्रेलर 2 जनवरी को सीधे सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया और इसके लिए कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। ट्रेलर में राम चरण का डबल रोल बताया जा रहा है। इस फिल्म में वह कमल हासन की फिल्म 'इंडियन' की तरह ही पिता पुत्र का रोल करते नजर आ रहे हैं। फिल्म 'इंडियन' के निर्देशक भी शंकर ही थे और इसकी सीक्वेल बीते साल की सबसे खराब फिल्मों में शामिल रही है।



## फिल्मों के लिहाज से खास होगा ये नया साल, ये सितारे करेंगे डायरेक्टोरियल डेब्यू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2025 बॉलीवुड के लिहाज से भी शानदार होने वाला है। इस साल सितारे अभिनय में ही नहीं बल्कि निर्देशन में भी अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं इन सितारों के बारे में। साल 2025 में कई बड़े सितारे निर्देशन में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। इस लिस्ट में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को लेकर चर्चा हो रही है। वह साल 2025 में अपनी फिल्म के साथ निर्देशन में डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं साल 2025 में कौन से सितारे बड़े पर्दे और ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बड़े पर्दे पर निर्देशन डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। आर्यन खान ने निर्देशन में बनी सीरीज इस साल 2025 में रिलीज होने वाली है। कंगना रनौत ने इस मामले पर आर्यन खान को बधाई दी है। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने अपनी फिल्मों से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली है। सोनू सूद इस साल फतेह से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी इस फिल्म को देखने के लिए फैंस बेताब हैं। आलिया भट्ट और शर्वरी की फिल्म अल्फा को लेकर शिव रवैल काफी चर्चा में हैं। शिव रवैल ने इससे पहले द रेलवे मैन का निर्देशन किया है, जो कि ओटीटी के लिए था। बड़े पर्दे पर उनके निर्देशन में बनी फिल्म पहली बार दिखने वाली है ।



## पॉकेट में आसमान' का प्रोमो जारी, लीड रोल में नजर आएंगे अभिका मालाकार और फरमान हैदर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पॉकेट में आसमान शो का प्रोमो जारी कर दिया गया है। शो में मुख्य किरदारों में अभिका मालाकार और फरमान हैदर नजर आने वाले हैं।स्टार प्लस ने अपने नए शो 'पॉकेट में आसमान' का नया प्रोमो जारी किया है। शो में अभिका मालाकार और फरमान हैदर लीड रोल में नजर आएंगे। जहां अभिका इसमें रुद्राणी (रानी) तो फरमान इसमें दिग्विजय का किरदार निभाते नजर आएंगे। शो के पहले प्रोमो से कहानी का अंदाजा जा सकता है।'पॉकेट में आसमान' की कहानी एक युवा गर्भवती महिला की है, जो अपने निजी जीवन की जिम्मेदारियों को संतुलित करते हुए डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प लेती है। हालांकि, इस फैसले में उसे अपने पति के कारण बहुत सी रुकावटों का सामना करना पड़ता है। प्रोमो में दिखाया गया है कि किस तरह रानी गर्भावस्था के दौरान मेडिकल का पेपर देने जाती है। इस दौरान उन्हें कॉलेज और घर दोनों जगह परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनके पति दिग्विजय उनके फैसले का समर्थन करते हैं लेकिन एक शर्त रखते हैं कि उन्हें या तो अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना होगा या बच्चे पर। वह अपने पति से वादा करती है कि वे दोनों चीजें सही तरीके से पूरी करके दिखाएगी। बॉयहुड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित पॉकेट में आसमान जल्द ही प्रसारित होने वाला है। खबरों की मानें तो ये शो इसी महीने जनवरी में आ सकता है। शो के किरदार फरमान हैदर को इससे पहले आइना और सावी की सवारी में देखा जा चुका है। अभिका ने इससे पहले तोमदर रानी में देखा गया। इसके बाद अब में पॉकेट में आसमान शो में नजर आने वाली हैं।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।